CC0. In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अप. २०
१२०८

सावय धम्म दोहा

7.3

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री

अम्बादास चवरे दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला-२

सावयधम्मदोहा

भूमिका, अनुवाद, शब्दकोश, टिप्पनी आदि सहित

सम्पादक

हीरालाल जैन, एम. ए., एल एल. बी.,

संस्कृताध्यापक, किंग एडवर्ड कालेज, अमरावती;

भूतपूर्व रिसर्च स्कालर, अलाहाबाद यूनीवर्सिटी.

वीर निर्वाण संवत् २४५८] [विक्रम संवत् १९८९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

THE

AMBADAS CHAWARE

DIGAMBARA JAINA GRANTHAMALA

OR

Karanja Jaina Series

Edited-

With the Cooperation of Various scholars

By—

Hiralal Jain, M. A., LL. B.,

King Edward College, Amraoti.

Volume II.

Published by—

Karanja Jaina Publication Society,

Karanja, Berar, India.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Savayadhammadoha

An Apabhramsa work of the 10th century.

Critically edited

With Introduction, Translation, Glossary, Notes and Index

By

Hiralal Jain, M. A., L L. B.,
Asstt. Professor of Sanskrit,
King Edward College, Amraoti;
Sometime Research Scholar, Allahabad University.

१२०८

३५०२०

1932.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एहु धम्मु जो आयरइ बंभणु सुद्दु वि कोइ।
सो सावउ किं सावयहं अण्णु कि सिरि मणि होइ ॥७६॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्राक्कथन

प्रस्तुत ग्रन्थ के दर्शन प्रथम वार मुझे सन् १९२४ में कारंजा के सेनगण भण्डार में हुए थे और उस प्रति पर से इस ग्रन्थ का परिचय सन् १९२६ में प्रकाशित Catalogue of Sanskrit and Prakrit Mss. in C. P. & Berar में दिया गया था। उस परिचय से कई विद्वानों का ध्यान इस ग्रन्थ की ओर आकर्षित हुआ और उसे प्रकाशित कराने के लिये मुझ पर आग्रह होने लगा। किन्तु एक ही प्रति परसे इस का सम्पादन करने का मुझे साहस नही हुआ, इससे ठहरना पड़ा। अगले वर्ष इस ग्रन्थमाला की नीव डाली गई और तबसे ग्रन्थ की अन्य पोथियों की खोज में विशेषरूप से प्रयत्नशील होना पड़ा। सन् १९३० में हिन्दुस्तानी एकाडेमी, यू. पी., के अध्यक्ष श्रीयुक्त डॉ. ताराचन्दजी एम.ए., डी. फिल., ने इस ग्रन्थ को देखने की इच्छा प्रकट की। किन्तु उस समय तक हमारे हाथ में इसकी उपर्युक्त एक ही वही प्रति थी और उसकी प्रथम कापी तैयार की जा रही थी इससे वह भेजी नही जा सकी। धीरे धीरे अन्य प्रतियों का पता चला और उसी अनुसार इसका संशोधन होता गया। अबतक हमें इसकी ग्यारह पोथियों का पता चला हैं जिनका परिचय 'संशोधन सामग्री' में कराया गया है।

पहले हमारा विचार ग्रन्थमाला के अन्य ग्रन्थों के सदृश इसका सम्पादन भी अंग्रेजी में करने का था। किन्तु अनेक मित्रों व ग्रंथमाला के सहायकों का आग्रह हुआ कि अपभ्रंश भाषा के कुछ ग्रन्थ हिन्दी में भी सम्पादित होना चाहिये ता कि हिन्दी संसार में उक्त दोनों भाषाओं का सम्बन्ध स्पष्ट रूप से झलक जावे। तदनुसार इस ग्रन्थ का सम्पादन हिन्दी में करने का निश्चय हुआ। आगे प्रकाशित होने वाले ग्रन्थों में भी अनेक ग्रन्थों का हिन्दी में सम्पादन करने का विचार है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस ग्रन्थ के सम्पादन में हमे हमारे मित्र श्रीयुक्त **ए.एन.उपाध्ये** एम. ए., अर्धमागधी प्रोफेसर, राजाराम कालेज, कोल्हापूर, से बहुत सहायता मिली है। उन्होने द. प्रति प्राप्त होने के पूर्व मुझे उस प्रति की अपने लिये कराई हुई एक कापी देखने के लिये भेजने की कृपा की तथा पत्रों द्वारा भण्डारकर इन्स्टीट्यूट् पूना, की तीन पोथियोंका परिचय कराया। सन् १९३१ के Annals of Bhandarkar Oriental Research Institute में आपका ' Joindu and his Apabhramsa Works ' शीर्षक लेख प्रकाशित हुआ है। हमने उस लेख से भी सहायता ली है। ग्रन्थ के कुछ शंकास्पद वाक्यों को हमने आपके पास विचार के लिये भेजा था उनपर भी आपने पत्र द्वारा मत प्रकट करने की कृपा की। इसका हमने टिप्पनी में उपयोग किया है। इस सब सहायता के लिये हम आपका बहुत उपकार मानते हैं।

हमारे मित्र **डाक्टर पी. एल. वैद्य, एम्. ए., डी. लिट्.,** प्रोफेसर, वाडिया कालेज, पूना, ने भण्डारकर इंस्टीट्यूट, पूना, की भ. प्रति हमारे अवलोकनार्थ भिजवाने की कृपा की। तदर्थ हम आपका आभार मानते है।

श्रीयुक्त **पन्नालालजी अग्रवाल,** सहायक मंत्री, जैनमित्रमण्डल दिल्ली, व श्रीयुक्त **महेन्द्रजी,** सम्पादक ' वीरसन्देश ' आगरा, ने हमें क्रमशः द. और अ. प्रतियां भिजवाने की कृपा की। इसके लिये हम आपके कृतज्ञ हैं।

सुहृद्वर डॉ. **ताराचन्दजी गंगवाल,** एम. बी. बी. एस., पेलेस सर्जन, जयपुर, व श्रद्धेय मास्टर **मोतीलालजी संघी,** संस्थापक, सन्मति पुस्तकालय, जयपुर,ने हमें जयपुर की पोथियां देखने में बड़ी सहायता पहुंचाई। एतदर्थ हम आपकें आभारी हैं।

इस ग्रन्थ के सम्पादन व ग्रन्थकर्ता का निर्णय करने में हमें क. प्रति से विशेष सहायता मिली है। इस प्रति के लिये हम भट्टारक महाराज **श्री वीरसेनजी स्वामी, सेन गण,** कारंजा के ऋणी हैं। इस ग्रन्थ-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

माला को सफल बनाने में आप बहुत कुछ कारणीभूत हुए हैं जैसा कि हम प्रथम ग्रंथ की प्रस्तावना में कह चुके हैं।

मान्यवर **गोपाल अम्बादासजी चवरे**, कारंजा, इस ग्रन्थ-माला के जीवनाधार हैं। आपकी प्राचीन जैन साहित्य को उत्तम ढंग से प्रकाशित देखने की बड़ी उत्कण्ठा हैं। आपकी ही प्रेरणा से हमें इस कार्य में विशेष उत्साह हुआ है। आपका उपकार चिरस्मरणीय है।

सरस्वती प्रेस, अमरावती, के मैनेजर श्रीयुक्त **टी. एम. पाटील** तथा प्रेस के अन्य कर्मचारियों ने इस ग्रन्थ को छापने में बड़ी रुचि और सावधानी दिखाई है इसके लिये मैं उन्हे हृदय से धन्यवाद देता हूं।

इस ग्रन्थमाला का प्रधान उद्देश्य प्राचीन जैन साहित्य को इस ढंग से प्रकाशित करने का है कि जिससे साहित्यिक छानबीन व ऐतिहासिक खोज में विशेष सहयता पहुंचे। यह हम माला के प्रथम ग्रन्थ में ही प्रकट कर चुके हैं। यदि उस उद्देश्य की प्रस्तुत ग्रन्थ द्वारा किसी अंश में पूर्ति हुई तो हम व हमारा मण्डल अपने प्रयास को सफल समझेंगे। उसी दिशा में किसी प्रकार की कमी व त्रुटि की पूर्ति के सम्बन्ध में हमारे विद्वान् पाठक जो सम्मति प्रदान करने की कृपा करेंगे उसका हार्दिक स्वागत किया जायगा।

किंग एडवर्ड कालेज,
अमरावती
अनन्त चतुर्दशी, वि. सं. १९८९.

हीरालाल

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषयसूची

	पृष्ठ
प्राक्कथन	–)।
भूमिका	=)।–॥–)
१ संशोधन सामग्री	=)।
२ ग्रन्थकर्ता	≡)।
३ ग्रन्थ का नाम, प्रचार, टीका-टिप्पनी व परम्परा	।–)॥।
४ भाषा और व्याकरण	।≡)
सावयधम्मदोहा, मूल पाठ, पाठभेद व अनुवाद	१–६७
परिशिष्ट (अधिक दोहे सानुवाद) ...	६८–७१
शब्दकोश	७२–१०४
टिप्पनी	१०५–१२०
दोहों की वर्णानुक्रमणिका	१२१–१२५
शुद्धिपत्र	१२६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भूमिका

१ संशोधन सामग्री।

अबतक सावयधम्मदोहा की प्राचीन हस्तलिखित नौ पोथियां हमारे देखने में व दो सुनने में आई हैं। इनमें से चुनी हुई चार पोथियों (अ. क. ज. द.) का अक्षरशः मिलान करके प्रस्तुत संस्करण में उनके पाठ भेद अंकित किये गये हैं व शेष से यत्र तत्र सहायता ली गई है। इन प्रतियों का परिचय इस प्रकार है—

अ. प्रति मोतीकटरा, आगरा, के दिगम्बर जैन मंदिर की है। पत्र संख्या-१८; आकार ९३/४''×९''; पंक्तियां प्रति पृष्ठ – ७ से ९ तक; वर्ण प्रतिपंक्ति-लगभग ३०; हाँसिया ऊपर नीचे- १'', दाँये वाँये १ १/४''। प्रारम्भ का एक और अन्त के दो पत्र दूसरे हाथ के लिखे हुए हैं। अनुमानतः पहले पत्र बहुत जीर्ण होजाने से उनकी नकल करके ये पत्र जोड़ दिये गये हैं। जीर्ण पत्रों का अब पता नहीं है।

प्रारम्भ–ॐ नमः सिद्धेभ्यः।

अंत–इति श्रावकाचारदोहडा जोगेन्द्रदेवकृत संपुर्ण॥ सुभं भवतु॥

इस प्रति में कुल दोहों की संख्या २२५ है। अधिक दोहा परिशिष्ट में देखिये। १० वें दोहे के प्रथम चरण का पाठ कुछ भिन्न है [पाठभेदों में देखिये]। इसके पाठ क. प्रति से अधिक मिलते हैं।

क. प्रति कारंजा के सेनगणभंडार की है। पत्रसंख्या- १६; आकार- ११"×५"; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ- ९; वर्ण प्रतिपंक्ति- लगभग ३०; हाँसिया ऊपर नीचे-३/४", दाँये वाँये- १''।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रारम्भ–ॐ नमः श्री पार्श्वनाथाय ह्रीं धरणेन्द्रपद्मावतीसहिताय ।

अन्त–इय दोहाबद्धवयधम्मं देवसेनें उवदिट्ठ ।
लहुअक्खरमत्ताहीयमो पय सयण खमंतु ॥

इय दोहाबद्धसावयधम्मसम्मत्ते लिषितमिनं जगतकीर्तेण संवत् १७८० कुवार वदि १४ हृदयनग्रमध्यात् लिषितमिनं ।

इसमें कुल दोहों की संख्या २३५ है और एक संस्कृत श्लोक 'उक्तं च' रूप से उध्दृत किया गया है (परिशिष्ट देखिये)। इसके पाठ अ. प्रति से अधिक मिलते हैं ।

ज. प्रति जयपुर के तेरापंथी मंदिर की है। पत्रसंख्या– ११; आकार– १०$\frac{१}{२}$" × ४$\frac{१}{२}$"; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ– १३; वर्ण प्रति पंक्ति– लगभग ३५; हाँसिया ऊपर नीचे–$\frac{१}{२}$"; दाँये वाँये–१$\frac{१}{४}$".

प्रारम्भ– श्री जिनाय नमः ।

अन्त— इति श्रीश्रावकाचारदोहकं समाप्तं ।

इसमें कुल दोहों की संख्या २२३ है। दोहा नं. २१९ नहीं है। नंबर देने में त्रुटि के कारण प्रति के अन्तिम दोहे पर नं. २२१ आया है।

द. प्रति पंचायती दिगम्बर जैन मंदिर, देहली, की है। पत्रसंख्य १३; आकार–११$\frac{१}{२}$"×५"; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ–९ से ११ तक; वर्ण प्रति-पंक्ति–लगभग ३२; हाँसिया ऊपर नीचे–$\frac{3}{४}$", दाँये वाँये– १". दोहों की संख्या २२४.

प्रारम्भ– ॐ नमो वीतरागाय ।

अन्त–इति श्रावकाचारदोहकं समाप्तम् ।

अथ संवत्सरेऽस्मिन् श्री नृपविक्रमादित्यराज्य संवत् १६०३ वर्षे । श्रावण वदि ११ शुक्रादिने । मृगशिरनक्षत्र । व्याघात-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

> नामयोगे। मानस उपजोगे। श्रीपथासुभस्थाने। श्रीसाहि असलेमसाहिराज्यप्रवर्त्तमाने। श्रीजैनसंघे ब्रह्मदीप तत् शिष्यणी शीलतोयतरंगिणी बाई देवलालेखापितं आत्मार्थे। ज्ञानवान् ज्ञानदानेन इत्यादि चार श्लोक.

इस प्रशस्ति से हमें ज्ञात होता है कि यह प्रति विक्रम संवत् १६०३ तदनुसार सन् १५४६ ईस्वी में लिखी गई थी और उस समय दिल्ली के तख्त पर साह असलेमसाह (शेरशाह सूर का बेटा सलीमशाह सूर) था। यह उल्लेख मुगल व सूरवंश के इतिहास के लिये महत्वपूर्ण है।

प. प्रति जयपुर के पाटोदी जैन मंदिर की है। पत्र संख्या—३९; दोहों की संख्या— २२४. हाँसिये पर टिप्पण हैं।

> अन्त— इति उपासकाचारे आचार्य श्री लक्ष्मीचन्द्रविरचित दोहकसूत्राणि समाप्तानि। स्वस्ति संवत् १५५५ वर्षे कार्तिक सु १५ सोमे श्रीमूलसंघे सरस्वतीगछे बलात्कारगणेऽभयविद्यानंदिपट्टे मल्लिभूषण तत्शिष्य पं. लक्ष्मण-पठनार्थ दोहाश्रावकाचार।

यह प्रति वि. सं. १५५५ तदनुसार सन् १४९८ ईस्वी की लिखी हुई है। अतः प्राप्त पोथियों में जिनमें लिखने का समय पाया जाता है उन सब में प्राचीन है। दुर्भाग्य से इस प्रति का पूरा २ मिलान करने की मुझे सुविधा न मिल सकी।

प. २. यह प्रति भी उपर्युक्त पाटोदी मंदिर की है। पत्र संख्या—११; दोहों की संख्या— २२४. लिखने का समय नहीं दिया गया।

प ३. यह प्रति भी उपर्युक्त पाटोदी मंदिर की है। पत्र संख्या—१४; दोहों की संख्या— २२७; लिखे जाने का समय— संवत् १६१२ वैसाख सु. ११.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प. ४ यह प्रति भी उपर्युक्त पाटोदी मंदिर की है। पत्र संख्या-८; दोहों की संख्या- २२७; लिखे जाने का समय नहीं दिया है।

भ. प्रति भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना, की नं. १३०८/१८९१-९५ की है। पत्र संख्या- १००, आकार- $10\frac{3}{4}'' \times 5''$; पंक्तियां प्रतिपृष्ठ-४; वर्ण प्रतिपंक्ति- लगभग २८; हांसिया ऊपर नीचे- १", दाँये बाँये- $1\frac{1}{2}''$. इसमें दोहों की संख्या २२५ है। दोहा नं. २०० व २१९ नहीं हैं तथा तीन दोहे अधिक हैं [परिशिष्ट देखिये]। किन्तु नंबर देने में त्रुटि के कारण अन्तिम दोहे का नं. २२६ आया है। यह प्रति सटीक है। इसके पाठों व टीका का उपयोग प्रस्तुत ग्रन्थ की 'टिप्पनी' में किया गया है। टीका का विशेष परिचय आगे दिया जायगा।

प्रारम्भ- अथ प्राकृत दोधकबंध उपासकाचार लिष्यते।
अन्त- इति श्रावकाचारदोहकं लक्ष्मीचन्दकृत समाप्तं। श्री।

मूलं योगीन्द्रदेवस्य लक्ष्मीचन्द्रस्य पंजिका।
वृत्तिः प्रभाचन्द्रमुनेर्म्महती तत्त्वदीपिका ॥ १॥

भ. २. यह प्रति भी उपर्युक्त भाण्डारकर इंस्टीट्यूट की है। और संवत् १५९३ की लिखी हुई है। दोहों की संख्या २२४ है तथा ग्रंथ का नाम 'श्रावकाचार दोहडा' दिया गया है।

भ. ३. यह प्रति भी उपर्युक्त भाण्डारकर इंस्टीट्यूट की है। इसमें दोहों की संख्या २२४ है। १० वें दोहे का पाठ अ. प्रति के समान है (पाठभेद देखिये)। वह संवत् १५९९ की लिखी हुई है।

अन्त- इति उपासकाचारे आचार्यलक्ष्मीचन्द्रविरचिते दोहक-सूत्राणि समाप्तानि।

उपर्युक्त दोनों प्रतियां रत्नकीर्ति के शिष्य आर्य व ब्रह्म बहोडन के लिये लिखी गई हैं। वे उपर्युक्त इंस्टीट्यूट के नं. ९९२/१८८७-९१ के एक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ही गुटके में बंधी हुई हैं। इन प्रतियों को हमने नहीं देख पाया। उनका परिचय हमें हमारे मित्र श्रीयुक्त ए. एन. उपाध्ये, एम. ए., अर्धमागधी प्रोफेसर, राजाराम कालेज, कोल्हापुर, के एक पत्र से प्राप्त हुआ है।

२ ग्रन्थकर्ता

यह ग्रन्थ किसका बनाया हुआ है यह प्रश्न बड़ा जटिल है। ग्रन्थ के मूलभाग में कर्ता का कहीं, कोई, किसी प्रकार का भी उल्लेख नहीं पाया जाता। किन्तु जिन हस्तलिखित प्रतियों का ऊपर परिचय दिया गया है उनमें से अनेक के अन्त में ग्रन्थसमाप्तिसूचक वाक्यों में ग्रन्थकर्ता का नामोल्लेख किया गया है। हम यहां इन्हीं उल्लेखों की सूक्ष्म जांच कर सच्चे ग्रन्थकर्ता के पता लगाने का प्रयत्न करेंगे।

तीन पोथियों (प; भ; भ. ३.) में यह ग्रन्थ लक्ष्मीचन्द्रकृत या विरचित कहा गया है। विद्यानन्दि के शिष्य श्रुतसागर कृत षट्प्राभृत टीका में इस ग्रन्थ के आठ दोहे उध्दृत किये गये हैं और दो स्थानों पर उन दोहों के कर्ता स्पष्ट रूप से लक्ष्मीचन्द्र या लक्ष्मीधर कहे गये हैं– 'तथा चोक्तं लक्ष्मीचन्द्रेण गुरुणा'; 'तथा चोक्तं लक्ष्मीधरेण भगवता'। कहने की आवश्यकता नहीं कि ये दोनो नाम एक ही व्यक्ति के द्योतक हैं। इससे भी उक्त प्रतियों के कथन की पुष्टि होती है। षट्प्राभृतटीका की प्रकाशित पुस्तक की भूमिका में जो श्रुतसागर का परिचय दिया गया है उससे ज्ञात होता है कि लक्ष्मीचन्द्रजी उनके समसामयिक थे तथा उनकी गुरुपरम्परा इसप्रकार थी– विद्यानन्दि– मल्लिभूषण– लक्ष्मीचन्द्र। उनकी एक चेली ने आशाधर कृत 'महाभिषेकभाष्य' को अपने हाथ से लिखकर संवत् १५८२ में पूरा किया था। इन उल्लेखों से ऐसा प्रतीत होता है कि लक्ष्मीचन्द्रजी ही प्रस्तुत ग्रन्थ के कर्ता थे, तथा वे संवत् १५८२ के लगभग हुए हैं।

किन्तु भ. प्रति में जो अन्तिम श्लोक है उससे इस कथन की सत्यता में सन्देह उपस्थित हो जाता है। इस श्लोक में प्रस्तुत ग्रन्थ के साथ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तीन नामों का सम्बन्ध बतलाया गया है–मूलग्रन्थकार योगीन्द्रदेव, पंजिकाकार लक्ष्मीचन्द्र और वृत्तिकार प्रभाचन्द्र मुनि। इसी कथन के साथ साथ प. प्रति के अन्तिम वाक्य पर विचार कीजिये। उस वाक्य में कहा गया है कि संवत् १५५५, कार्तिक सुदि १५, सोमवार को विद्यानन्दि के पट्ट पर अधिष्ठित मल्लिभूषण के शिष्य पं. लक्ष्मण के पठनार्थ दोहकश्रावकाचार लिखा गया। हमारा अनुमान है कि लक्ष्मण लक्ष्मीचन्द्र का दीक्षित होने से पूर्व का नाम है और उन्हीं की शिष्यावस्था में उनके पठनार्थ वह प्रति तैयार हुई थी। इससे निश्चय होगया कि लक्ष्मीचन्द्रजी इन दोहों के मूलकर्ता नहीं हैं। उनकी बनाई हुई 'पंजिका' कौनसी है इसपर आगे चलकर विचार किया जायगा। प. प्रति में जो 'लक्ष्मीचन्द्रविरचिते' वाक्य आगया उसी से पीछे के लिपिकारों ने तथा श्रुतसागरजी ने धोखा खाया। यथार्थ में वहां 'श्री लक्ष्मीचन्द्रलिखिते' या श्रीलक्ष्मीचन्द्रार्थलिखिते' पाठ होना चाहिये था। लक्ष्मीचन्द्रकृत अन्य कोई संस्कृत, प्राकृत व अपभ्रंश ग्रन्थ हमारे देखने सुनने में नहीं आया।

ग्रन्थकर्ता की खोज में अब हमारी दृष्टि योगीन्द्रदेव पर जाती है जो अ. और भ. प्रति में इस ग्रन्थ के कर्ता कहे गये हैं। योगीन्द्रदेव के अबतक चार ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं–परमात्मप्रकाश, योगसार, अमृताशीति और निजात्माष्टकम्। इनमें से प्रथम दो प्रस्तुत ग्रन्थ के समान ही अपभ्रंश दोहों में रचे गये हैं। तीसरा ग्रन्थ संस्कृत व चौथा प्राकृत में हैं। श्रीयुक्त उपाध्ये ने एक अंग्रेजी लेख में प्रस्तुत ग्रन्थ व परमात्मप्रकाश का मिलन कर यह मत प्रकट किया है कि इन दोनों की रचना में एक दो जगह साधारण साम्य को छोड़ कोई स्मरणीय सादृश्य नहीं है। हमने ग्रन्थकार के सभी ग्रन्थों को इसी हेतु से देखा। तीन ग्रन्थों में से तो कोई सादृश्य नहीं मिला किन्तु परमात्मप्रकाश में निम्न लिखित उक्तियों पर दृष्टि अटकी। मिलान की सुविधा के लिये हम प्रस्तुत ग्रन्थ के अवतरणों के साथ साथ इन्हें यहां लिखते हैं —

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परमात्मप्रकाश	सावयधम्मदोहा
८ भावें पणविवि पंचगुरु	१ पणवेप्पिणु भावें पंचगुरु
२०३ मरगउ जेण वियाणियउ तहिं कच्चिं कउ गण्णु ।	२ जिम मरगउ कच्चेण
२१८ खीला लग्गिवि ते जि मुणि देउलु देउ डहंति ।	१०६ देउल लग्गिय खिल्लियइं किं ण पलोट्टइ मुक्खु ।
२२१ अत्थउ कहिं मि कुडिल्लियइं	११२ जाम ण देहकुडिल्लियइं
२३९ रूवि पयंगा सद्दि मिय ...	१२६ रूवासत्त पयंगडा ...
२४१ लोहहं लग्गिवि हुयवहहं पिक्खु पडंतउ तोड्डु ।	१३४ लोहमुक्कु सायरु तरइ पेक्खु परोहण तेम ।
२६८ मूलविणट्ठइं तरुवरहं अवसइं सुक्कहिं पण्ण ।	४५ अह कंदलि उप्पाडियइं वेल्लिहे पत्त समत्त ।
२९२ तुट्टइ मोहु तडत्ति तसु	१०० फुट्टिवि जाइ तडत्ति

अब प्रश्न यह है कि क्या अ. और भ. प्रति के कथन तथा उपर्युक्त सादृश्य पर से यह ग्रन्थ योगीन्द्रदेवकृत कहा जा सकता है? सूक्ष्म दृष्टि से विचार करने पर इन सादृश्यों में हमें ऐसा एक भी नहीं दिखता जो आकस्मिक न हो सकता हो। फिर, भाषा को छोड़ कर जब हम विषय पर आते हैं तो योगीन्द्र के ज्ञात ग्रन्थों तथा प्रस्तुत ग्रन्थ में बड़ा अन्तर मिलता है। योगीन्द्र यथार्थ नाम योगीन्द्र ही थे। उनके सब ग्रन्थ अध्यात्म तत्त्वों से ओतप्रोत हैं। उनका उपदेश आदि से अन्त तक यही है कि बाह्य क्रियाओं व आडम्बरों में कुछ तथ्य नहीं है। अपनी आत्मा में लीन होने से ही सच्चा सुख मिल सकता है। योगीन्द्र को सृष्टि आत्ममय दिखती थी। उनके विचार वेदान्तियों कैसे थे। वे देव, शास्त्र, गुरु की पूजा के बहुत परे थे। उनके विचार से—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

देउलु देउ वि सत्थु गुरु तित्थु वि वेउ वि कव्वु ।
वत्थु जु दीसइ कुसुमियउ इंधणु होसइ सव्वु ॥पर. २५७॥

कासु समाहि करउं को अंचउँ ।
छोपु अछोपु करिवि को वंचउँ ॥
हल सह कलहि केण सम्माणउँ ।
जहिं जहिं जोवउं तहिं अप्पाणउँ ॥ योग. ३९ ॥

इन विचारों को लेकर यह संभव नहीं जान पड़ता कि उन्होंने दान, पूजा, उपवासादि के महत्व के प्रतिपादक प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना की होगी। यह हो सकता है कि उन्होंने योगीन्द्र होने से पूर्व गृहस्थावस्था में ही इस ग्रन्थ की रचना की हो। किन्तु एक तो इस ग्रन्थ में उनकी भावी अध्यात्मिकता के कोई विशेष लक्षण नहीं पाये जाते। दूसरे कवित्व की दृष्टि से प्रस्तुत ग्रन्थ योगीन्द्र के अन्य ग्रन्थों से अधिक प्रौढ जान पड़ता है। अतः एक ही ग्रन्थकार की कृति मानने पर उसे इन ग्रन्थों से पूर्व रचित कहना उपपन्न नहीं जँचता।

ग्रन्थकार के सम्बन्ध में हमें जो तीसरा संकेत मिलता है वह क. प्रति के अन्तिम दोहे में है। उसमें यह ग्रन्थ 'देवसेनै उवदिट्ठ' अर्थात् देवसेन द्वारा उपदिष्ट कहा गया है। दिगम्बर जैन ग्रन्थकारों में देवसेन एक सुप्रसिद्ध प्राकृत कवि हुए हैं। उनके प्रकाशित ग्रन्थ दर्शनसार, आराधनासार, तत्वसार, नयचक्र, आलाप पद्धति व भावसंग्रह– इस समय हमारे सन्मुख हैं। आलापपद्धति को छोड़ शेष सब ग्रंथ प्राकृत भाषा में रचे गये हैं। दर्शनसार को छोड़ शेष सब माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला में प्रकाशित हुए हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ से साम्य की खोज में हमनें इन सब को देख डाला। भावसंग्रह में हमें हमारे ग्रन्थ से कुछ विशेष सादृश्यतायें मिली हैं। उन्हे हम यहां उध्दृत करते हैं–

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सावयधम्मदोहा	भावसंग्रह
३ जिह समिलहिं सायर गयहिं दुल्लहु जूयहु रंधु । तिह जीवहं भवजलगयहं मणुयत्तणि संबंधु ॥	१६९ अहवा जइ कहव पुणो पावइ मणुयत्तणं च संसारे । जुयसमिला संजोए लहइ ण देसो कुलं आऊ ॥
२२ मज्जु मंसु महु परिहरहि करि पंचुंबर दूरि ।	३५६ महुमज्जमंसविरई चाओ पुण उंबराण पंचण्हं ।
८१ दंसण रहिय कुपत्ति जइ दिण्णइ ताइ कुभोउ ।	५३३ कुच्छियपत्ते किं चि वि फलइ कुदेवेसु कुणरतिरएसु ।
८२ हयगयसुणहहं दारियहं मिच्छादिट्ठिहिं भोय ।	५४४ केई पुण गयतुरया गेहे रायाण उण्णई पत्ता ।
८३ तं अपत्तु आगमि भणिउ णउ वयदंसणु जासु । णिप्फलु दिण्णउ होइ तसु जह ऊसरि कउ सासु ॥	५३२ ऊसरखित्ते बीयं सुक्खे रुक्खे य णीरअहिसेओ । जह तह दाणमवत्ते दिण्णं खु णिर- त्थयं होइ ॥
८५ इक्कु वि तारइ भवजलहि बहुदायार सुपत्तु । सुपरोहणु एक्कु वि बहुय दीसइ पारहु णिंतु	५०९ जह णावा णिच्छिद्दा.... तारइ पारावारे.... ५१० तह संसारसमुद्दे... तारेइ गुणाहियं पत्तं ।
१६१ इक्कछिद्दिय पाहणभरिय वुड्डइ णाव ण भंति	५४८ णावा जह सच्छिद्दा परमप्पाणं च उवहिसलिलम्मि वोलेइ तह कुपत्तं संसार महोवही भीमे ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

८६ दाणु कुपत्तहं दोसडइ
बोलिज्जइ णहु भंति।
पत्थरु पत्थरणाव कहिं
दीसइ उत्तारंति ॥

१९२ गमणट्ठियहं तरंडउ वि
अहव ण पावइ पारु।

२२१ लोहकजि दुत्तरतरणि
णाव वियारिय तेण।

८९ काइं वहुत्तइं संपयइं
जइ किविणहं घरि होइ।

९३ जो घरि हुंतइं धणकणइं
मुणिहिं कुभोयणु देइ।
जम्मि जम्मि दालिद्दडउ
पुट्ठि ण तहु छंडेइ ॥

९६ उत्तमाइं भोयावणिहिं

९७ घरि घरि दस कप्पयर जहिं
ते पूरहिं अहिलासु।

१३१ ण्हाणें सुज्झइ भंतिकउ
छित्तउ चंडालेण।

५४७ पत्थरमया वि दोणी
पत्थरमप्पाणयं च वोलेइ।
जह तह कुच्छियपत्तं
संसारे चेव वोलेइ ॥

१८७ जह पाहाणतरंडे
लग्गो पुरिसो हु तीरणी तोए।
वुड्डइ विगयाधारो...

५४९ लोहमए कुतरंडे
लग्गो पुरिसो हु तीरणीवाहे।

५५९ किविणेण संचयधणं
ण होइ उवयारियं जहा तस्स।

५१६ जो पुण हुंतइं धणकणइं
मुणिहिं कुभोयणु देइ।
जम्मि जम्मि दालिद्दडउ
पुट्ठि ण तहो छंडेइ ॥

५८७ पुण्णवलेणुववज्जइ
कहमवि पुरिसो य भोयभूमीसु।
भुंजेइ तत्थ भोए
दहकप्पतरुब्भवे दिव्वे ॥

५९१ पायव दसप्पयारा
चिंतियं दिंति मणुयाणं।

१७ मण्णइ जलेण सुद्धिं
२० को इह जलेण सुज्झइ
२३ ण्हंता वि ते ण सुद्धा
२४ किं कुणइ तेसु ण्हाणं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१७० सूरुग्गमणि तलाउ	३९२ जह गिरिणई तलाए अणवरयं पविसए सलिल-परिपुण्णं ।
१८६ अह सरवरि णइसारिणइं पाणिउ होइ अगाहु ।	३१९ गिरणिग्गउ णइवाहो पविसइ सरम्मि जहाणवरयं ।
१८३ जलधारा जिणपयगयउ रयहं पणासइ णामु ।	४७० पसमइ रयं असेसं जिणपयकमलेसु दिण्ण जल-धारा ।

इन अवतरणों में भाव, भाषा व उक्तिविशेष का सादृश्य विचारणीय है। इसके अतिरिक्त कुछ शब्दों का साम्य भी उल्लेखनीय है—

कप्पड (सा. ५६, भा. ५७३); छंड या छड्ड (सा. ३९ आदि, भा. २११ आदि); तलाअ (सा. १७०, भा. ३९२); एवड्ड (सा. १७९, भा. ४१५); चडप्फड (सा. १२४,१५८, भा. ४५); तरंड (सा. १९२, भा. ५४९); कंज (सा. १२५, भा ४४९). ४१ वें दोहे का पुट्ठिमंस संभव है १७३ वीं गाथा के 'पिठर' का ही बोधक हो (देखो ४१ दोहे की टिप्पनी)।

यथार्थ में सावयधम्म के २२४ दोहे व भावसंग्रह की ३५० से ५९९ तक की २५० गाथाओं के विषय, भाव व भाषा में असाधारण सादृश्य है। कहीं एक ही विषय दोनो में एकही प्रकार से आया है, जैसे—

१. पात्र और दान का विवेक– सा. ७९ आदि; भा ४९७ आदि.

२. घृतादि सर्वरसाभिषेक – सा. १८१ आदि; भा. ४३८ आदि.

३. अष्टद्रव्यपूजा और फल – सा. १८४ आदि; भा. ४७१ आदि.

४. धर्म से स्वर्गादि सुख और मोक्ष–सा.१६३ आदि; भा. ४८४ आदि.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किसी किसी विषय का एक ग्रन्थ में उल्लेख मात्र तथा दूसरे में उसका पूरा विवरण मिलता है, जिससे ये दोनों ग्रन्थ एक दूसरे के परिपूरक से ज्ञात होते हैं; जैसे—

१. अष्टमूलगुण व बारह व्रत का भावसंग्रह की ३५२ व ३५६ वीं गाथाओं में उल्लेख मात्र है। सावयधम्म के १० से ५२ तक के ४३ दोहों में इन्ही का सविस्तर वर्णन है।

२. भावसंग्रह की ३७५ वीं गाथा में तीर्थंकर के अष्ट प्रातिहार्य का उल्लेख मात्र है। सावयधम्म में उन आठों का आठ दोहों (१७० – १७७) में काव्य की रीति से वर्णन है।

३. सावयधम्म के २१२ वें दोहे में सिद्धचक्र की स्थापना का बहुत सूक्ष्म उल्लेख है। इसी विषय का भावसंग्रह की ४४३ – ४५६ गाथाओं में बहुत विशद वर्णन है।

इस प्रकार इन दोनो ग्रन्थों में एक ही कर्ता का हाथ दिखाई देता है। विशेषतः सावयधम्म का जो ९३ वां दोहा भाव संग्रह के ५१६ नं. पर जैसा का तैसा पाया जाता है उससे इस विषय में बहुत कम सन्देह रह जाता है। भावसंग्रह जिन दो हस्तलिखित प्रतियों पर से छपाया गया है उनमें से एक प्रति में यह दोहा ' उक्तं च ' रूपसे पाया गया है। किन्तु अधिक पुरानी प्रति में ' उक्तं च ' शब्द नही हैं। यदि 'उक्तं च' शब्द मूल के ही मान लिये जांय तो इससे यही सिद्ध होता है कि सावयधम्म की रचना भावसंग्रह से पूर्व हो चुकी थी और कर्ता ने उस दोहे को यहां प्रसंगोपयोगी जान उध्दृत कर दिया। ऐसी द्विरुक्ति देवसेनजी के अन्य ग्रन्थों में भी पाई जाती है। इसी भावसंग्रह में उनके दर्शनसार की अनेक गाथायें आई हैं। उक्त दोहे को पीछे का प्रक्षिप्त मानने का न तो कोई प्रमाण है और न कोई कारण।

एक और बात है जो प्रस्तुत ग्रन्थ को देवसेनकृत स्वीकार करने में सहायता पहुंचाती है। देवसेनकृत जिन ग्रन्थों का उल्लेख हम ऊपर कर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आये हैं उनमें एक 'नयचक्र' भी है। माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला में यह लघु नयचक्र के नाम से छपा है और उसी के साथ एक और बृहत् नयचक्र छपा है जो माहल्लदेवकृत है। मिलान करने से ज्ञात हुआ है कि बृहत् नयचक्र में लघु नयचक्र पूरा गुंथा हुआ है। यदि हम पहले को दूसरे का परिवर्धित रूप या दूसरे को पहले का संक्षिप्तरूप कहें तो अनुचित न होगा। इस परिवर्धित रूप के अन्त में निम्न लिखित चार गाथायें पाई जाती हैं—

सुणिऊण दोहरत्थं सिग्घं हसिऊण सुहंकरो भणइ।
एत्थ ण सोहइ अत्थो गाहाबंधेण तं भणह ॥ ४१८ ॥

सियसद्दसुणयदुण्णयदणुदेहविदारणेक्कवरवीरं।
तं देवसेनदेवं णयचक्कयरं गुरुं णमह ॥ ४२१ ॥

दव्वसहावपयासं दोहयबंधेण आसि जं दिट्ठं।
गाहाबंधेण पुणो रइयं माहल्लदेवेण ॥ ४२२ ॥

दुसमीरणेण पोयप्पेरिय संतं जह तिरं णट्ठं (?)।
सिरिदेवसेणमुणिणा तह णयचक्कं पुणा रइयं ॥ ४२३ ॥

इन गाथाओं का अर्थ की दृष्टि से क्रम ठीक नहीं जान पड़ता तथा ४२३ वीं गाथा का पाठ कुछ भ्रष्ट है अतएव उसका भाव भी कुछ अस्पष्ट है। किन्तु मेरी समझ में इनका भाव यह आता है कि कोई प्राचीन नयचक्र अप्रसिद्ध होगया था उसका पुनरुद्धार करने की दृष्टि से देवसेन ने फिरसे उसकी रचना की *। यह रचना दोहाबंध में हुई जिसे सुनकर एक शुभंकर महाशय ने हँस दिया और कहा कि यह अर्थ इस छंद में नहीं सोहता, इसे गाथाबद्ध करो। तदनुसार उनके शिष्य माहल्लदेव ने उसे गाथाओं में परिवर्तित किया।

---

* देवसेनजी को प्राचीन रचनाओं की खोजकर उनके पुनरुद्धार की बड़ी रुचि थी। दर्शनसार में उन्होने स्पष्ट कहा है कि पुरानी गाथाओं का संचय करके ही उन्होने उस ग्रन्थ को रचा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यदि उक्त गाथाओं का यही ठीक भावार्थ हो तो हमें उससे दो बातें ज्ञात होतीं हैं। एक तो यह कि दोहा छंद का आविष्कार उस समय संभवतः नया था और पंडित-मंडली में वह हेय दृष्टि से देखा जाता था। दूसरी यह कि देवसेन को इस छंद में ग्रन्थरचना करने की रुचि थी। उनके भावसंग्रह में ही पांच पद्य अपभ्रंश भाषा के रड्ढा छंद के पाये जाते हैं और शेष भाग में भी अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रभाव दिखता है। नयचक्र का विषय पाण्डित्यपूर्ण न्याय था। अतः 'शुभंकर' के कुचक्र से उसका दोहाबद्ध रूप नष्ट कर दिया गया। किन्तु सावयधम्म साधारण गृहस्थों के लिये लिखा गया था इससे यह उस कुचक्र से बच गया।

सौभाग्य से देवसेनजी के समय व देश के सम्बन्ध में कोई अनिश्चय नहीं है। उन्होंनें अपने दर्शनसार ग्रन्थ के अन्त में स्पष्ट रूप से कह रक्खा है कि उन्होने उस ग्रन्थ की रचना धारा नगरी के पार्श्वनाथ मंदिर में बैठकर संवत् ९९० की मांघ सुदि १० वीं को समाप्त की। यथा—

'पुव्वायरियकयाइं गाहाइं संचिऊण एयत्थ।
सिरिदेवसेणगणिणा धाराए संवसंतेण ॥ ४९ ॥
रइओ दंसणसारो हारो भव्वाण णवसए णवए।
सिरि पासणाहगेहे सुविसुद्धे माहसुद्धदसमीए ॥ ५० ॥

धारा नगरी व मालवा प्रान्त में सदैव विक्रम संवत् का प्रचार रहा है तथा दर्शनसार में अन्यत्र जहां जहां संवत् का उल्लेख आया है वहां कर्ता ने स्पष्टतः 'विक्कमकालस्स मरणपत्तस्स' ऐसा कहा है। इससे उपरोक्त संवत् के भी विक्रम संवत् होने में कोई संदेह को स्थान नही है। धारानगरी विद्वानों के जुटाव के लिये प्राचीन काल में प्रसिद्ध ही रही है। प्राकृत भाषा का भी यहां अच्छा पठन होता रहा है। उपलब्ध प्राचीनतम प्राकृत कोष 'पाइयलच्छी- नाम- माला' की रचना भी जैन कवि धनपाल ने

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विक्रम संवत् १०२९ में यहीं की थी व यहां के निवासी प्रभाचन्द्र पंडित ने विक्रम संवत् ११९२ के आसपास पुष्पदन्त के अपभ्रंश काव्यों पर टिप्पण लिखे थे। (देखो णायकुमारचरिउ, भूमिका)।

अतः सिद्ध हुआ कि प्रस्तुत सावयधम्मदोहा के कर्ता देवसेन हैं, उसकी रचना विक्रम संवत् ९९० के लगभग मालवा प्रान्त की धारा नगरी में हुई है तथा यह ग्रन्थ दोहा छंद का एक प्राचीनतम उदाहरण है।

३ ग्रन्थ का नाम, प्रचार, टीकाटिप्पनी व परम्परा.

इस ग्रन्थ का विषय श्रावकों का धर्म व आचार है। इस विषय के जैन ग्रन्थों का नाम प्रायः श्रावकाचार व उपासकाचार ही रखा जाता है। तदनुसार ही प्रस्तुत ग्रन्थ अधिकांश पोथियों में 'श्रावकाचार दोहक' या 'उपासकाचार' कहा गया है। किन्तु मूल ग्रंथ में यह नाम कहीं नही पाया जाता। 'श्रावकाचार' शब्द तक मूल ग्रन्थ में कहीं नही आया। ग्रन्थ कर्ता ने प्रथम ही दोहे में इसे 'सावयधम्म' कहा है व अन्त में (२२२ वां दोहा) इसे 'धम्मधेणु संदोहयहं' 'दोहों की धर्मधेनु' कहा है। क. प्रति में ग्रन्थ का नाम 'दोहाबद्ध सावयधम्म' दिया गया है। यही नाम कर्ता को अभीष्ट ज्ञात होता है। तदनुसार ही प्रस्तुत ग्रन्थ का नाम 'सावयधम्म-दोहा' रक्खा गया है।

जान पड़ता है गत शताब्दियों में इस ग्रन्थ का कुछ अच्छा प्रचार रहा है, इसी से इसकी हस्तलिखित प्रतियां दिल्ली, आगरा, जयपुर, बरार व पूना में पाई गई हैं। कई प्राचीन लेखकों ने इसके सुंदर दोहे अपनी कृतियों में उध्दृत किये हैं। 'दोहा पाहुड*' में इसका एक दोहा (२१३) पाया जाता है। श्रुतसागर ने अपनी षट्प्राभृत टीका में इसके आठ दोहे (१०५, १०९-

---

* यह ग्रन्थ भी अपभ्रंश दोहों में है। इसे भी इस ग्रन्थमाला में प्रकाशित करने का प्रबन्ध हो रहा है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

११२, १३९, १४८ और १५६) उध्दृत किये हैं जैसा कि ऊपर कह आये हैं। ब्रह्म नेमिदत्त कृत प्रीतिंकरचरित में इसके दो दोहे (२८, ६७) पाये गये हैं। सूक्ष्म परिशीलन से और अनेक ग्रन्थ में इन दोहों के पाये जाने की सम्भावना है।

भ प्रति के अन्तिम श्लोक से हमे ज्ञात हुआ है कि इस ग्रंथ पर लक्ष्मीचन्द्र ने एक 'पंजिका' तथा प्रभाचन्द्रमुनि ने एक 'तत्त्वदीपिका' नामक 'वृत्ति' लिखी। किन्तु उस पोथी पर से यह नही ज्ञात हो सका कि उसपर की टीका इनमें से कौन सी है। उस प्रति के वेष्टन पर भण्डारकर इन्स्टीटयूट के कर्मचारियों ने 'दोधक श्रावकाचार लक्ष्मीचन्द्र की पंजिका सहित' ऐसा लिख रखा है जिससे ज्ञात होता है कि उनकी समझ से वही टीका लक्ष्मीचन्द्र कृत पंजिका है। इसके लिये उनका आधार उक्त श्लोक के अतिरिक्त और कुछ नही दिखता। इसके निर्णय के लिये और कोई प्रमाण न पा हमारा ध्यान 'पंजिका' व 'वृत्ति' के अर्थ व भेद पर जाता है। हेमचन्द्राचार्य ने टीका व पंजिका की परिभाषा इस प्रकार की है 'टीका निरन्तरव्याख्या पञ्जिका पदभञ्जिका' और इसकी टीका है 'सुगमानां विषमाणां च निरन्तरं व्याख्या यस्यां सा टीका। विषमाण्येव पदानि भनक्ति पदभञ्जिका'। इससे हमे ज्ञात हुआ कि लगातार व्याख्या का नाम टीका और केवल कठिन शब्दों की व्याख्या का नाम पञ्जिका है। हम 'वृत्ति' की भी कोई प्राचीन परिभाषा जानना चाहते थे किन्तु वह हमें फिर हाल कहीं मिली नही। पर 'वृत्ति' का हम यह अर्थ समझते आये हैं कि उसमें मूल का सरल शब्दों में अनुवाद दिया जाता है जिसे अंग्रेजी में paraphrase कह सकते हैं। भ. प्रति की टीका हमें इसी प्रकार की ज्ञात होती है। उसे हम उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार पञ्जिका नही कह सकते। उसमें केवल विषम पदों की व्याख्या नही है किन्तु पूरे दोहे का सरलार्थ देने का प्रयत्न किया गया है। हमारा अनुमान है कि यह लक्ष्मीचंद्रजी की 'पञ्जिका' नहीं किन्तु प्रभाचन्द्रमुनि की 'महती तत्वदीपिका वृत्ति' है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस वृत्ति में अन्तिम सात दोहों का अर्थ नहीं समझाया गया। हमनें इस वृत्ति का उपयोग अपनी टिप्पनी में किया है। दो चार स्थानों पर इस वृत्ति से दोहों के अर्थ पर अच्छा प्रकाश पड़ा है और इसलिये हम इसके कर्ता का उपकार मानते हैं। किन्तु इस वृत्ति से कर्ता अपने लक्ष्य में कहां तक सफल हुए हैं यह टिप्पनी में स्थान स्थान पर उध्दत अंशों से पाठकों को ज्ञात हो जावेगा। लेखक का साहस तो अवश्य प्रशंसनीय है किन्तु सत्य के नाते हमे कहना पड़ता है कि उनकी यह चेष्टा अधिकांश अनधिकार ही थी। उनके सन्मुख न तो मूल ग्रन्थ की शुद्ध कापी ही थी और न उनमें उसे शुद्ध कर सकने की शक्ति थी। वे अपभ्रंश भाषा के कुछ अच्छे जानकार ज्ञात नहीं होते। हां, विषय के जानकार अवश्य थे। उसी के सहारे बहुत कुछ अटकल पच्चू लिखते गये हैं। एकाध जगह तो उनका अटकल भी अटक गया (देखो दोहा नं. १३५ की टिप्पनी)। उनका संस्कृत का ज्ञान भी बहुत अधूरा था। वे लिङ्ग, वचन, तिङन्त कृद-न्तादि के सब नियमों के परे थे। हम यह ऐसी त्रुटियों पर से नही कह रहे हैं जो लिपिकारकृत हों। उनकी भाषा में ऐसी त्रुटियां हैं जो लिपिमात्र के प्रमाद से नहीं हो सकतीं। वे कवित्व से भी सर्वथा हीन थे। मूल की सुन्दर सुन्दर उपमाओं व सूझों पर उन्होंने अपनी वृत्ति द्वारा पानी फेर दिया है। सारे ग्रन्थ में कठिनाई से दसबीस दोहे ऐसे होंगे जिनका पूरा भाव और शब्दार्थ उनकी वृत्ति में आगया हो। पूर्णतः शुद्ध संस्कृत तो शायद किसी एक दोहे की वृत्ति में भी न मिलेगी। पहले विचार हुआ था कि इन वृत्तियों के कुछ नमूने यहां उध्दृत किये जांय और इस हेतु कितने ही दोहों की वृत्तियां लिख भी डालीं थीं। किन्तु पीछे उन्हे अनावश्यक जान छोड दिया। इस वृत्ति के विषय में हमने जो बातें यहां कही हैं उनके यथेष्ट प्रमाण टिप्पनी में उध्दत अंशों में ही पाठकों को मिल जांयगे।

ये वृत्तिकार कब कहां हुए इसके न तो कोई प्रमाण हमारे सन्मुख हैं और न इसकी कुछ जांच पडताल करने की इच्छा ही होती। हां, इतना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कह देना आवश्यक प्रतीत होता है कि यदि इसके कर्ता प्रभाचन्द्र नामधारी ही थे तो वे पुष्पदन्त के अपभ्रंश काव्यों पर टिप्पण लिखने वाले वे प्रभाचन्द्र नही हो सकते जिनका हम ऊपर उल्लेख कर आये हैं। प्रभाचन्द्र नामके अनेक मुनि और कर्ता हुए हैं (देखो 'रत्नकरण्ड श्रावकाचार भूमिका पंडित जुगलकिशोर मुख्तार कृत, व जैनशिलालेखसंग्रह भाग १)। यह कृति कोई बहुत प्राचीन ज्ञात नही होती।

अब प्रश्न यह है कि इन दोहों की लक्ष्मीचन्द्रकृत 'पञ्जिका' कौनसी है। हमारा अनुमान है कि जो टिप्पण प. प्रति पर पाया जाता है वही यह पञ्जिका है। उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार टिप्पण और पञ्जिका में कोई बड़ा भेद ज्ञात नही होता।

अब हम पूर्वोक्त पोथियों की विशेषताओं पर से इस ग्रन्थ की परम्परा का कुछ अनुमान कर सकते हैं। देवसेनकृत मूल ग्रन्थ वि. सं. ९९० के लगभग तैयार हुआ। आगामी पांच सौ वर्षों में इसकी तीन प्रकार की प्रतियां प्रचलित होगईं। एक में कर्ता का नाम देवसेन पाया जाता था इसलिये हम इसे दे. प्रति कहेंगे। इसी पर से हृ. अर्थात् हृदयनगर की वह प्रति तैयार हुई जिसमें ग्यारह दोहे और जुड़ गये तथा जिसपर से संवत् १७८० में हमारी क. प्रति तैयार हुई। दूसरी प्रति में परमात्मप्रकाश की भाषा व छन्द के साम्य पर से ग्रन्थ के कर्ता का नाम योगीन्ददेव जुड गया था। इसमें दोहों की संख्या २२४ थी। इसे हम यो. कहेंगे। इसी पर से हमारी अ. प्रति तैयार हुई होगी। हम कह चुके हैं कि अ. प्रति के पाठ क. से बहुत कुछ मिलते हैं अतएव इसका हृ. से भी कुछ सम्बन्ध ज्ञात होता है। तीसरी प्रति में दोहों की संख्या २२३ या २२४ थी किन्तु कर्ता का नाम कोई भी नही पाया जाता था इसे हम वि. प्रति कहेंगे। इस पर से हमारी पांच प्रतियां (ज, प, द, प २ और भ २) तैयार हुईं प्रतीत होती हैं। प. प्रति गुजरात में मल्लिभूषण के शिष्य लक्ष्मण ने सं. १५५५ में लिखाई। आगे चलकर ये ही लक्ष्मण लक्ष्मीचन्द्रके नाम से मल्लिभूषण के उत्तराधिकारी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हुए। भ. प्रति के अनुसार उन्होंने इस ग्रंथ की पञ्जिका बनाई जो प. प्रति पर का टिप्पण ही ज्ञात होता है।

हमारा अनुमान है कि भ. प्रति वाले तीन अधिक दोहे भी लक्ष्मीचन्द्रजी के ही बनाये हुए हैं। इस प्रकार उनकी तैयार की हुई (ल.) प्रति में २२७ दोहे होगये, जिस पर से २२७ दोहों वाली हमारी तीन प्रतियां [भ ३, प ३, प ४] तैयार हुईं। भ. प्रति में तीन अधिक दोहे हैं, योगीन्द्रदेव मूल ग्रन्थकार कहे गये हैं तथा २१९ वां दोहा नहीं है। अतः उसका सम्बन्ध ल. अ. और ज. तीन प्रतियों से था। इस परम्परा को हम वृक्ष द्वारा और भी स्पष्टता से व्यक्त कर सकते हैं। जिन प्रतियों के नाम के साथ * यह चिन्ह है वे अबतक मिली नहीं हैं।



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एक प्रश्न और है जिस पर भी यहां कुछ विचार कर लेना आवश्यक प्रतीत होता है। दोहा नं. २२२ में जो कुछ कहा गया है उससे ज्ञात होता है कि उसके ऊपर के दोहों की संख्या मूलतः २२० थी। यद्यपि अ. प्रति में 'विंसुत्तरइं' की जगह 'वावीसुत्तरइं' पाठ है पर वह स्पष्टतः कल्पित है। अब प्रश्न यह है कि वह कौन सा दोहा है जो मूल में नहीं था तथा जिसके कारण हमारे दोहों की संख्या २२० की जगह २२१ होगई है। जैसा उपर कह आये हैं, ज. और भ. प्रतियों में दोहा नं. २१९ नहीं है। क्या वही दोहा पीछे का जोड़ा हुआ है? वह दोहा इतना सुन्दर तथा ग्रंथकार की शैली के इतना अनुकूल है कि उसे प्रक्षिप्त मानने को जी नहीं चाहता यद्यपि दोहा नं. २२१ की प्रथम पंक्ति प्रायः वही होने से यह भी संभव जान पड़ता है कि वह प्रक्षिप्त हो। इसका यथार्थ निर्णय कर निकालना बड़ा कठिन है और इसकी कोई बड़ी आवश्यकता भी प्रतीत नहीं होती। भर्तृहरि आदि कृत शतकों में प्रायः सौ से अधिक ही दोहे पाये जाते हैं।

४ भाषा और व्याकरण.

प्रस्तुत ग्रन्थ धार्मिक उपदेश तथा सूक्ति की दृष्टि से तो सुन्दर है ही पर उसका और भी विशेष महत्व उसकी भाषा में है। जैन भंडारों की सूचियों में इस भाषा के ग्रन्थ प्रायः 'मागधी भाषा' के नाम से दर्ज किए हुए मिलते हैं किन्तु यह भाषा न तो मागधी है और न अन्य शौरसेनी आदि प्राचीन प्राकृत। किन्तु इन प्राकृतों ने प्रचलित देशी भाषाओं के पूर्व जो रूप धारण किया था वही इन ग्रन्थों में पाया जाता है। यह उनका विकसित या अपभ्रष्ट रूप है और इसी से इस भाषा का नाम अपभ्रंश या अवहट्ठ पड़ा। प्राकृत व अपभ्रंश भाषायें समय समय पर जनसाधारण की भाषायें रही हैं और इसीलिये वे अपने अपने समय में संस्कृत से भी अधिक मधुर और प्रिय गिनी जाती थीं। कर्पूरमञ्जरी के कर्ता राजशेखर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के संस्कृत और प्राकृत की रचना के माधुर्य में उतना ही अन्तर दिखता था जितना पुरुषों की कर्कशता और स्त्रियों की सुकुमारता में। उन्होंने कहा है—

परुसा सक्कअबंधा पाउअबंधो वि होइ सुउमारो।
पुरुसमहिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणम्॥

[कर्पूर- १, ८]

विद्यापति ठक्कुर को देशी अर्थात् अपभ्रंश भाषा माधुर्य में संस्कृत व प्राकृत दोनो से बढी चढी दिखने लगी थी। उन्होंने अपनी 'कीर्तिलता' में कहा है—

सक्कअवाणी बहुअ न भावइ
पाउअ रस को मम्म न पावइ।
देसिलवअना सब जन मिट्ठा
तँ तैसन जम्पओ अवहट्टा॥

१०. वीं ११ वीं शताब्दि के लगभग यही भाषा समस्त उत्तर भारत में प्रचलित थी किन्तु देश भेद के अनुसार उसमें भेद थे। प्रस्तुत ग्रन्थ मालवा प्रान्त में लिखा गया है अतएव इसमें पश्चिम देश की अपभ्रंश भाषा पाई जाती है जिसका व्याकरण हेमचन्द्राचार्य ने अपनी प्राकृत व्याकरण में अच्छी तरह, खूब उदाहरणों सहित, दिया है। हमने 'णायकुमार-चरिउ' की भूमिका में इस भाषा के व्याकरण का सविस्तर परिचय कराया है, किन्तु प्रस्तुत ग्रन्थ के पठन पाठन की सुविधा के लिये इसी ग्रन्थ पर से कुछ व्याकरण यहां भी दिया जाता है।

हिन्दी भाषा के साहित्य व इतिहास में इस भाषा के ग्रन्थों का क्या स्थान है यह सुस्पष्ट करने के लिये हिन्दी साहित्य के तीन प्राचीन ग्रन्थों —पृथ्वीराजरासो, वीसलदेवरासो और कीर्तिलता— से इसकी कुछ स्थूल रूप से यहां तुलना की जाती है—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१. कीर्तिलता में मैथिल देश का अपभ्रंश है जो मागधी प्राकृत से निकला हुआ है अतः उसमें न, श और ष, वर्ण तथा प्र, द्र आदि संयुक्ताक्षर पाये जाते हैं। सावयधम्म का अपभ्रंश महाराष्ट्री प्राकृत का है अतः उसमें इन वर्णों का अभाव है।

२. कीर्तिलता में शब्दों के बीच में आये हुए अल्पप्राण वर्णों—क, ग, च, ज आदि— का बहुधा लोप नहीं हुआ। सावयधम्म में अधिकतः हुआ है और उनके स्थान पर कहीं कहीं य श्रुति पाई जाती है।

३. कीर्तिलता में परसर्गों का बहुत सूक्ष्म प्रादुर्भाव हुआ दिखाई देता है और प्राकृत विभक्तियां प्रायः उड गई हैं। वीसलदेवरासो व पृथ्वीराजरासो में कहीं कहीं परसर्ग और कहीं कहीं संयोगात्मक विभक्तिरूप, प्रायः दोनों अवस्थायें पाई जाती हैं। सावयधम्म में विभक्तियां कायम हैं यद्यपि उनकी जड़ उखड़ चली है। किन्तु परसर्ग का विकाश केवल षष्ठी के साथ 'तण', व सप्तमी के बोध के लिये 'मज्झि' में कुछ २ दिखाई देता है।

४. उक्त तीनों ग्रन्थों में मुसलमानी भाषा के संसर्ग का प्रभाव है जैसा कि चन्द वरदाई ने स्पष्टरूप से स्वीकार किया है—

'षट् भाषा पुराणं च कुरानं कथितं मया।'

प्रस्तुत ग्रन्थ में मुसलमानी संसर्ग की गंध तक नहीं है। उसमें पुराण खूब है कुरान बिलकुल नहीं।

अपभ्रंश भाषा के ग्रन्थ का अनुवाद करने में मुझे एक और बात का अनुभव हुआ जिसे यहां प्रकट कर देना उचित जान पड़ता है। संस्कृत के अनेक क्रियापद ऐसे हैं जो अपभ्रंश में पाये जाते हैं और व्रजभाषा आदि पुरानी हिन्दी में भी बहुत कुछ प्रचलित थे किन्तु जो प्रचलित खड़ी बोली में से लुप्त होगये हैं। उनका अर्थ व्यक्त करने के लिये अब हमें उनके भूतकालिक कृदन्त व विशेषण या संज्ञायें बनाकर 'होना' व 'करना' क्रिया के साथ उनका उपयोग करना पड़ता है। उदाहरणार्थ—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संस्कृत	अपभ्रंश	पुरानी हिन्दी	प्रचलित रुप
नमति	णमइ	नमता है	नमन करता है
नश्यति	णासइ	नसता है	नष्ट होता है
प्रकाशते	पयासइ	प्रकाशता है	प्रकाशित होता है
मलिनायते	मइलेइ	मैलता है	मैला होता है
भक्षति	भक्खइ	भखता है	भक्षण करता है
वारयति	वारइ	वारता है	वारण करता है
प्रकटयति	पयडइ	प्रकटता है	प्रकट होता है।

ऐसे उदाहरण अनन्त हैं। यह मुझे भाषा में उन्नति की जगह अवनति का लक्षण दिखता है। क्रियाओं का क्षेत्र घटना नहीं बढना चाहिये था। मेरी समझ में ऐसे क्रियापदों का हिन्दी में प्रयोग प्रारंभना चाहिये।

व्याकरण

१. सावयधम्म की अपभ्रंश भाषा में देवनागरी वर्णमाला के स्वरों में ऋ, ऐ व औ तथा व्यञ्जनों में ङ, ञ, श और ष को छोड़ कर शेष सब वर्ण पाये जाते हैं। न की स्थिति कुछ अनिश्चित सी दिखती है। अधिकतः उसके स्थान पर ण ही मिलता है। प्रस्तुत संस्करण में सर्वत्र ण ही रखा गया है।

उपर्युक्त वर्णों के स्थान में निम्न लिखित आदेश होते हैं।

ऋ के स्थान में अ, इ उ या रि। यथा, कय–कृत, घय–घृत, अमिअ–अमृत, किविण–कृपण, घिय–घृत, मुअ–मृत, रिसि–ऋषि इत्यादि.

ऐ के स्थान में इ, यथा, विज्जावच्च–वैयावृत्य.

औ के स्थान में ओ या अउ। यथा, ओसह–औषध, चोर–चौर, मउण–मौन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ष व श के स्थान पर स। यथा, सोह–शोभा, कसाय–कषाय, देस–देश।

ङ् व ञ् के स्थान पर सर्वत्र अनुस्वार का उपयोग किया जाता है

संस्कृत भाषा के शब्द यहां प्रायः विकृत अवस्था में पाये जाते हैं। शब्द के मध्यवर्ती व्यञ्जनों में निम्न प्रकार विकार होते हैं—

अल्पप्राण व्यञ्जन का लोप व कहीं कहीं उसके स्थान पर य अथवा व का आदेश। यथा, वयण– वचन, पयासिअ– प्रकाशित, संखेव– संक्षेप, छेय– छेद, घाय– घात.

महाप्राण व्यञ्जनों के स्थान पर ह आदेश होता है। यथा, सुह– सुख, अह– अघ, उहय– उभय, दहिमहिअ– दधिमथित, महु– मधु, मुत्ताहल– मुक्ताफल,

कहीं कहीं म के स्थान में व और व के स्थान में म पाया जाता है। यथा, रामण–रावण, सुवण– सुमनस्।

य. के स्थान में ज पाया जाता है। यथा, जुय-युग, जस–यशः, जाण–यान।

संयुक्ताक्षर से प्रारम्भ होने वाले शब्दों में संयोग के दूसरे वर्ण का लोप कर दिया जाता है। यथा, वय– व्रत, तिहुयण–त्रिभुवन, वसण–व्यसन सावय– श्रावक, साइ–स्वाति। शब्द के शेष भाग में असवर्ण संयोग सवर्ण संयोग में परिणत कर दिया जाता है। यथा, दुद्ध– दुग्ध, कप्पयरु– कल्पतरु, कक्कस–कर्कश, सुक्क–शुष्क, जुत्त– युक्त, णिप्फल– निष्फल, जण्ण– अन्य।

कुछ संयुक्ताक्षरों के स्थान पर विशेष वर्णों का आदेश होता है। यथा–

क्ष– क्ख, ख या छ, पच्चक्ख– प्रत्यक्ष, पेखण– प्रेक्षण, खम– क्षमा, छण– क्षण।

ग्ध– ज्झ, डज्झ– दग्ध।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

त्थ– च्छ, मिच्छत्त– मिथ्यात्व ।

त्य– च्च, सच्च– सत्य, चत्त– त्यक्त, विज्जावच्च–वैयावृत्य ।

द्य– ज्ज, सावज्ज– सावद्य, मज्ज– मद्य, जूअ– द्यूत ।

ध्य– ज्झ, मज्झिम– मध्यम, अज्झवसाय– अध्यवसाय,
सज्झाय– स्वाध्याय ।

ध्व– झु, झुणि– ध्वनि ।

प्स– च्छ, अच्छर– अप्सरस् ।

स्थ– ठ, ठाइ– स्थाति, अट्ठि– अस्थि ।

स्न– ण्ह, ण्हाण– स्नान

२. संज्ञा

अधिकांश संज्ञायें अकारान्त पाई जाती हैं। हलन्त संज्ञाओं के अन्तव्यंजन का लोप करके वे अकारान्त बना ली गई हैं, यथा, जग-जगत्, तम-तमस्। द्विवचन बहुवचन में गर्भित हो गया है।

कारकरचना

	एकवचन		बहुवचन	
	विभक्ति	उदाहरण	विभक्ति	उदाहरण
कर्त्ता	उ	दुज्जणु, अमिउ, वासरु, वज्जु, सुहु, दुल्लहु, कंचणु.	अ	णर, सप्प, वय, तस.
कर्म	उ	धम्मु, पंचगुरु, दंसणु, णेहु.	अ	दायार, णर, सुर.
करण	एँ	संखेवें, सम्मत्तें, संगें, णाइक्कें.		
	एण	कच्चेण, सण्णासेण, पावेण.		
	इँ	मग्गइं, उवएसइं कारणइं		
	इण	तमिण, जित्तइण, बद्धइण.		

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्प्रदान	हु	णरयहु, गोत्तहु, णिव्वाणहु.	हं	पत्तहं, चोरहं, जीवहं.
	हिं	मुणिहिं.		
अपादान	हु	सायहु.	हं	पंचुंवरहं.
सम्बन्ध	हु	जूयहु, तिमिरहु.	हं	चोरहं, वणयरहं,
	हि, हिं	सूरिहि, समिलहिं, ससिहिं.		वग्घहं, धीवरहं.
अधिकरण	इ	जगि, मणुयत्तणि, अंधारइं, लोइ, घरि.	हं	सरवरहं, सुक्कहं.
सम्बोधन	अ	जिय, वड, णिलज्ज.		

आकारान्त व ईकारान्त स्त्रीलिंग शब्द बहुधा ह्रस्वान्त कर दिये जाते हैं, यथा, दय–दया, कह–कथा, वेयण–वेदना, भेरि–भेरी.

किन्तु वेसा, चोरी इत्यादि भी पाये जाते हैं। कर्ता व कर्म कारक में ये प्रकृतरूप ही रहते हैं। शेष कारकों में पुल्लिंग से कोई बडी विशेषता नही पाई जाती।

नपुंसक लिंग का लोप सा होता हुआ दिखता है। शेष कारकों में तो इनका कोई विशेष चिह्न दिखाई नही पड़ता पर कहीं कहीं कर्ता बहुवचन में ये पहिचान पडते हैं, यथा, वसणइं, सिक्खावयइं.

३. सर्वनाम

कर्ता	हउं (अहम्, मैं हूं), कोइ, सोइ, सो, जं तं (नपुं.) एहु, इहु, एउ.
कर्म	जं, तं.
करण	पइं (त्वया, तूने), जेण, तेण.
सम्प्रदान	पइं (तुभ्यम्, तुझको), तहु.
सम्बन्ध	जसु, तासु, ताहं.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

४. संख्यावाचक	पूरणार्थक
१ एक्क	पढमउ, पहिलउ.
२ दुण्णि, बिण्णि	बीयउ, बिदिउ.
३ तिण्णि	तिज्जउ
४ चयारि	चउत्थु
५ पंच	पंचमु
६ छह	छट्ठउ
७ सत्त	सत्तमु
८ अट्ठ	अट्ठमु
९ णव	णवमउ
१० दस	दसमउ
११ एयारह	एयारहमउ
१२ बारह	

५. क्रियापद

क्रियाओं में परस्मैपद आत्मनेपद व भ्वादि अदादि का कोई भेद नही रहा। द्विवचन बहुवचन में गर्भित हो गया है।

वर्तमानकाल

	एकवचन		बहुवचन	
	प्रत्यय	उदाहरण	प्रत्यय	उदाहरण
उत्तम पु.	मि, उं	अक्खमि, करउं.	...	...
मध्यम पु.	हि, सि	अहिलसहि, डरहि, चाहहि, होसि.	...	...
अन्य पु.	इ	होइ, पिंछइ, धरइ, करइ, वंदइ, पालइ, पियइ, हणइ.	अंति,	जंति, विपडंति, हुंति, हवंति णिंति, भणंति.
			अइं	उप्पज्जइं.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भूतकालिक क्रिया का कार्य प्रायः भूतकालिक कृदन्तों से निकाला जाता है। क्रिया का उदाहरण केवल एक मिल सका है, आसी- आसीत्।

भविष्यत्काल की क्रियाओं के उदाहरण भी बहुत थोड़े मिलते हैं, जाहि- यास्यसि (तूं जायगा), फलहिं- फलिष्यन्ति (फलेंगे), कुणहिं- करिष्यन्ति (करेंगे), होसि- भविष्यसि.

आदेश सूचक मध्यम पु. हि देहि, गोवहि, छंडहि, णिवारहि.
हु रक्खहु.
इ करि, छंडि, परिहरि, सुणि, मणि, म बोल्लि,
उ पिक्खु.
अन्य पु. उ अच्छउ, आउ, जाउ.

विधिसूचक- करेइ, हणेइ.

कर्मणि प्रयोग- दिज्जइ, भुंजिज्जइ, ण्हविज्जइ, रक्खिज्जइ.

प्रेरणार्थक- कारयइ, उट्ठावइ.

वर्तमानकालिक कृदन्त-अंत- डज्झंत, सिंचंत, करंत. स्त्रीलिंग-उत्तारंति.

भूतकालिक कृदन्त- अ, इअ, इय- हुअ, मुक्क, गालिअ, भक्खिअ, कहिय, छड्डिय, उप्पाडिय।

पूर्वकालिक अव्यय-एप्पिणु- पणवेप्पिणु (प्रणमकर);इय-इंछिय, गणिय, विग्गासिय; इवि- फुट्टिवि, खंडिवि, भुंजिवि, विहडिवि.

क्रियार्थ क्रिया-(तुमुन्) इवि-कहिवि ण सक्कइ, कथयितुं न शक्नोति।

६. अव्यय

समयसूचक-अज्जु, कल्लि, संपइ, जाम।

स्थानसूचक- इत्थु, अंतरि, बाहिरउ, जहिं-तहिं।

प्रकार सूचक- जह-तह, जेम, केम।

अन्य- ण, णउ, ण हु, विणु, जइं, सइं, णिरारिउ, अहवा, पुणरवि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सावयधम्मदोहा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ

णमकारेपिणु पंचगुरु दूरिदलियदुहकम्मु ।
संखेवें पयडक्खरहिं अक्खमि[1] सावयधम्मु ॥ १ ॥

दुज्जणु सुहियउ होउ जगि सुयणु पयासिउ जेण ।
अमिउ विसें वासरु तमिण[2] जिम मरगउ[3] कच्चेण ॥ २ ॥

जिह[4] समिलहिं[5] सायर[6]गयहिं दुल्लहुं[7] जूयहुं[8] रंधु ।
तिह[9] जीवहं भवजलगयहं[10] मणुयत्तणि[11] संबंधु ॥ ३ ॥

सुहु सारउ मणुयत्तणहं तं सुहु धम्मायत्तु ।
धम्मु वि रे[12] जिय तं करहि[13] जं अरहंतइं[14] वुत्तु ॥ ४ ॥

अरहंतु वि दोसहिं रहिउ जसु[15] पुणु केवलणाणु ।
णाणें[16]मुणियकालत्तयहं वयणु वि तासु[17] पमाणु ॥ ५ ॥

---

१ द. अक्खिय. २ क. जमहं; ज. द. तमहिं. ३ द. मरगय. ४ ज. जह. ५ क. ज. द. समिला. ६ अ. सायरे. ७ ज. दुलहउ. ८ क. जूवह; द. जूअहिं. ९ ज. तह. १० ज. °गयहिं. ११ क. मणुवत्तणु. १२ अ. द. अरि. १३ ज. वरहि. १४ अ. द. अरहंतें. १५ क. द. जासु वि. १६ अ. ज. णाणु. १७ क. द. तस्स.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हिन्दी अनुवाद

१. नमस्कार — दुःखकर्मों का नाश करने वाले पंचगुरु को नमस्कार करके मैं संक्षेप में, प्रकट शब्दों द्वारा, श्रावक-धर्म का व्याख्यान करता हूं।

२. दुर्जन को अशीष — दुर्जन संसार में सुखी होवे जिसने सज्जन को प्रसिद्ध किया है, जिस प्रकार अमृत विषसे, दिन अंधकार से, व मरकत मणि कांच से [प्रकाशित होता है]।

३. मनुष्य जन्म — जिस प्रकार सागर में गिरे हुए सैले के लिये जुँवा का छिद्र दुर्लभ है उसी प्रकार भव-जल में पड़े हुए जीवों का मनुष्यत्व से सम्बन्ध दुर्लभ है।

४. धर्म — मनुष्यत्व का सार सुख है। वह सुख धर्म के अधीन है। धर्म भी, रे, जीव, वह पाल जो अरहंत का कहा हुआ है।

५. प्रामाणिक ज्ञान — अरहंत भी वह है जो दोषों से रहित हो व जिसे केवल ज्ञान हो। ज्ञान द्वारा त्रिकाल को जानने वाले उनके वचन भी प्रमाण हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तं पायडु जिणवरवयणु गुरुउवएसंइं होइ ।
अंधारइं विणु दीवडेइं अहव कि पिंछइ कोइ ॥ ६ ॥

संजमु सीलु सउच्चु तउ जसु सूरिहि गुरु सोइ ।
दाहछेयकसघायखमु उत्तमु कंचणु होइ ॥ ७ ॥

मग्गइं गुरुउवएसियइं णर सिवपट्टणि जंति ।
तं[3] विणु वग्घहं वणयरहं चोरहं पिडि णिपडंति ॥ ८ ॥

एयारहविहु तं कहिउ रे[4] जिय सावयधम्मु ।
सत्तिए परिपालंतयहं सहलउ मणुसजम्मु ॥ ९ ॥

पंचुंबरहं णिवित्ति जसु वसणु[6] ण एक्कु वि होइ ।
सँम्मत्तें सुविसुद्धमई पढमउ सावउ सोइ ॥ १० ॥

पंचाणुव्वय जो धरइ णिम्मल गुणवय तिण्णि ।
सिक्खावयइं चयारि जसु सो बीयउ मणि मण्णि ॥ ११ ॥

चउरट्टहं दोसहं रहिउ पुव्वाइरियक्कमेण ।
जिणु वंदइ संझइ तिहि मि सो तिज्जउ णियमेंणँ ॥ १२ ॥

---

१ अ. ज. द. उवएसें. २ द. दीवइण. ३ ज. द. तिं. ४ ज. द. अरे. ५ अ. अट्ठउ पालइ मूलगुण. ६ अ विसणु. ७ अ. क. जो सम्मत्तविसु°. ८ ज. °मणु. ९ द. वय गुण. १० द. णियमाणिण.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६. गुरु — वह जिनवर का वचन गुरु के उपदेश से प्रकट होता है। अंधकार में विना दीपक के क्या कोई कुछ पहिचान सकता है?

७. गुरु के गुण — जिस सूरि में संयम, शील, शौच और तप है वही गुरु है। दाह, छेद और कश-घात के योग्य ही उत्तम कंचन होता है।

८. गुरुपदेश — गुरु के उपदिष्ट मार्ग से नर शिवपुर को जाते हैं। उसके विना वे व्याघ्र, वनचर और चोरों के पिंड में पड जाते हैं।

९. श्रावक धर्म — वह श्रावक धर्म, हे जीव, ग्यारह प्रकारका कहा गया है। शक्त्यनुसार उसका परिपालन करने वालों का मनुष्य-जन्म सफल है।

१०. दर्शन — जिसके पंच उदुम्बर से निवृत्ति है, व्यसन एक भी नहीं है तथा जिसकी मति सम्यक्त्व द्वारा सुविशुद्ध है वह प्रथम श्रावक है।

११. व्रत — जो पांच अणुव्रतों को धारण करता है और जिस के तीन निर्मल गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत हैं उसे मनमें दूसरा [श्रावक] मानो।

१२. सामायिक — जो पूर्वाचार्यों के क्रमानुसार बत्तीस दोषों से रहित होकर तीनों संध्याओं में जिनदेव की वन्दना करता है वह नियम से तीसरा [श्रावक] है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उहयचउद्दसिअट्ठमिहिं जो पालइ उववासु ।
सो चउत्थु सावउ भणिउ दुक्कियकम्मविणासु ॥ १३ ॥

पंचमु जसु कच्चासणहं हरियहं णाहि पवित्ति ।
मणवयकायहिं छट्ठयहं दिवसहिं णारिणिवित्ति ॥ १४ ॥

बंभयारि सत्तमु भणिउ अट्ठमु चत्तारंभु ।
मुक्कपरिग्गहु जाणि जिय णवमउ वज्जियदंभु ॥ १५ ॥

अणुमइ देइ णं पुच्छियउ दसमउ जिणउवइट्ठु ।
एयारहमउ तं दुविहु णं वि भुंजइ उद्दिट्ठु ॥ १६ ॥

एयवत्थु पहिलउँ बिदिउ कयकोवीणपवित्ति ।
कत्तरिलोयणिहियचिहुर सइं पुणु भोजणिवित्ति ॥ १७ ॥

ए ठाणइं एयारसइं सम्मत्तें मुक्काहं ।
हुंति ण पउमइं सरवरहं विणु पाणिय सुक्काहं ॥ १८ ॥

अत्तागमतच्चाइयहं जं णिम्मलु सद्दाणुँ ।
संकाइयदोसहं रहिउ तं सम्मत्तु वियाणुँ ॥ १९ ॥

---

१ ज. द. °इंभु. २ ज. णु. ३ द. णउ. ४ द. पहलउ. ५ ज. द. एयारहं वि. ६ क. द. प. णिम्मलु सद्दहाणु. ७ अ. क. वियाण.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१३. प्रोषधोपवास — जो दोनो चतुर्दशी और अष्टमी को उपवास पालता है वह दुष्कृत-कर्मों का विनाश करने वाला चौथा श्रावक कहा गया है।

१४. सचित्तत्याग — पांचवां [श्रावक] वह है जिसकी कच्चे भोजन व हरी शाक में प्रवृत्ति नही है। छटवें [श्रावक] की दिन में मन वचन और काय द्वारा नारी से निवृत्ति रहती है।

१५. ब्रह्मचर्य, आरंभ-त्याग और परिग्रहत्याग — सातवां [श्रावक] ब्रह्मचारी कहा गया है। आठवां आरम्भत्यागी है। हे जीव, परिग्रह से मुक्त, दम्भ से वर्जित रहने वाले को नवमां [श्रावक] जानो।

१६. अनुमतित्याग और उद्दिष्टत्याग — जो पूछने परभी अनुमति न दे उसे जिन भगवान् ने दशवां [श्रावक] कहा है। ग्यारहवां दो प्रकार का है जो उद्दिष्ट भोजन नही करता।

१७. क्षुल्लक और ऐलक — पहिला एकवस्त्रधारी, दूसरा कोपीनमात्रधारी। वह कैंची या उस्तरे से केशों को कटवाता है और स्वयं भोजन नही वनाता।

१८. सम्यक्त्व — ये ग्यारह स्थान सम्यक्त्व से रहित जीवों के नही होते। विना पानी के सूखे सरोवरमें कमल नही फूलते।

१९. सम्यक्त्व लक्षण — आप्त, आगम और तत्वादिकों में जो शंकादिक दोषों से रहित निर्मल श्रद्धान है उसे ही सम्यक्त्व जानो।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संकाइय अट्ठ मय परिहरि[1] मूढा तिण्णि ।
जे छह कहिय अणायतण दंसणमल अवगण्णि ॥ २० ॥

सुणि दंसणुं[2] जिय जेण विणु सावयगुणु ण हुं[3] होइ ।
जह सामग्गिविवज्जियहं सिज्झइ कज्जु ण कोइ ॥ २१ ॥

मज्जु मंसु महु परिहरहि करि पंचुंबर दूरि ।
आयंहं[4] अंतरि अट्ठंहं[5] मि तस उप्पज्जंइं[6] भूरि ॥ २२ ॥

महु आसायउं[7] थोडंउ[8] वि णासइ पुण्णु बहुत्तु ।
वइसाणरहं तिडिक्कंडउ[9] काणणु डहइ महंतु ॥ २३ ॥

अंण्णुवइट्ठंइं[10] मण्णियइं महु परिहरियउ होइ ।
जं कीरइ तं कारियइ एहु अहाणउ लोइ ॥ २४ ॥

सेव्वइं[11] कुसुमंइं[12] छंडियइं केरि[13] पंचुंबरचाउ ।
हुंति विमुक्कइं मंडणइं जइ मुक्कउ अणुराउ ॥ २५ ॥

१ अ. क. प. परिहर. २ ज. दंसाणि; अ. क. द. दंसण. ३ अ. क. वि. ४ द. आयहिं. ५ अ. क. अट्ठमि हि. ६ अ. ज. द. उप्पज्जहिं. ७ अ. क. आसादइ. ८ अ. क. थोवड वि. ९ ज. द. तिडिक्कउ वि. १० अ. द. अणु उवइट्ठइं; प. अणउवइट्ठइं. ११ अ. क. ज. द. सग्गइं. १२ द. कुसुमिय. १३ अ. क. ज. द. पंचुबरपरिचाउ.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२०. शंकादिक आठ (दोष), आठ मद और तीन मूढता
दोष, मद, मूढ़ता का परिहार करो। जो छह अनायतन कहे गये हैं
और अनायतन उन्हे (सम्यग्) दर्शन के मैल जानो।

२१. हे जीव, (सम्यग्) दर्शन को सुनो जिसके विना
सम्यग्दर्शन श्रावक का गुण नहीं होता। जैसे सामग्री से विव-
र्जित मनुष्य का कोई भी कार्य नहीं सधता।

२२. मद्य, मांस, मधु का परिहार करो, पंच उदुम्बर
अष्टमुलगुण दूर करो। इन आठों के अन्दर वहुत त्रस (जीव)
उत्पन्न होते हैं।

२३. मधु थोडासा भी खाया हुआ वहुतसे पुण्य का
मधु नाश कर देता है। अग्नि का छोटासा तिलिंग भी
वड़े भारी वन को ढा देता है।

२४. दूसरों को उपदेश देने व स्वयं मानने से मधु का
मधुत्याग परिहार होता है। जैसा (स्वयं) करता है
वही (दूसरों से) कराता है यह अहाना लोक में है।

२५. सब फूलों को छोडकर पंच उदुम्बर का त्याग कर।
उदुम्बर-त्याग यदि अनुराग छूट गया तो अलंकार [आपही]
छूट जाते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अट्ठइं[1] पालइ मूलगुण पियइ जिं[2] गालिउ णीरु ।
अह चित्तें सुविसुद्धइण सुच्चइ सव्वु[3] सरीरु ॥ २६ ॥

जेण अगालिउ जलु पियउ जाणिज्जइ ण पत्ताणु ।
जो णं[4] पियइ अगालियउ सो धीवरहं पहाणु ॥ २७ ॥

आमिससरिसउ भासियउ सो अंधउ जो खाइ ।
दोहि मुहुत्तहं उप्परहिं लोणिउ सम्मुच्छाइ ॥ २८ ॥

संगें मज्जामिसरयहं मइलिज्जइ[5] सम्मत्तु ।
अंजणगिरिसंगें ससिहिं किरणइं काला हुंति ॥ २९ ॥

अच्छउ भोयणु ताहं घरि सिद्धहं वयणु ण जुत्तु ।
ताहं समउ जें कारणइं मइलिज्जइ सम्मत्तु ॥ ३० ॥

तामच्छउ तंउमंडयहं[6] पक्कासणलित्ताहं ।
हुंतिं[7] ण जुग्गइं सावयहं तहं भोयणु पत्ताहं ॥ ३१ ॥

चम्मच्छइं पीयइं जलइं तामच्छउ दूरेण ।
दंसणसुद्धि ण होइ तसु खद्धइ घियतिल्लेण ॥ ३२ ॥

रुहिरामिसचम्मट्ठिसुर पच्चक्खउं[8] बहुजंतु ।
अंतराय पालउं[9] भविय दंसणसुद्धिणिमित्तुं[10] ॥ ३३ ॥

१ अ. अट्ठउ. २ ज. द. जु. ३ क. द. सव्व. ४ अ. ज. द. तं. ५ क. मयलिज्जइ. ६ ज. तहं तंडयहं; अ. क. द. तउ भंडयहं. ७ अ. क. होंति. ८ ज. द. पच्चक्खिउ. ९ ज. द. पालहिं. १० क. °महंतु.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२६. आठों मूलगुणों का पालन करे और गाला (छाना)
चित्तशुद्धि हुआ जल पिये। चित्त के विशुद्ध होने से सब शरीर शुद्ध हो जाता है।

२७. जिसने विना छना पीना पिया उसने प्रमाण नहीं
विना छना पानी जाना। जो विना छना पीता है वह धीवरों में प्रधान है।

२८. दो मुहूर्त के ऊपर लोनी (मक्खन) में सम्मूर्छन
मक्खन जीव उत्पन्न हो जाते हैं। (इसलिये) वह मांस सदृश कहा गया है। वह अंधा है जो खाय।

२९. मद्यमांस में रत रहने वालों के संग से सम्यक्त्व
मद्यमांसभोजीका संग मैला हो जाता है। अंजनगिरि के संग से चन्द्र की किरणें भी काली हो जाती हैं।

३०. उनके घर में भोजन करना तो रहा शिष्ट लोगों
मद्यमांस भोजियों का परिहार को उनसे बात भी नहीं करना चाहिये, क्योंकि उनके संग से सम्यक्त्व मैला हो जाता है।

३१. पक्व भोजन करने वाले तप से मंडित (मुनि) तो दूर रहे उनका भोजन पात्र श्रावकों के भी योग्य नहीं है।

३२. जो चर्मच्छादित जल पीता है उसकी तो दूरकी
चर्माच्छादित जल, घृत, तैल बात है, दर्शन शुद्धि तो उसके भी नहीं होती जो (वैसे) घी-तेल सहित खाता है।

३३. रुधिर, मांस, चर्म, अस्थि और सुरा ये प्रत्यक्ष में ही
अंतराय योग्य वस्तुएं बहुत जंतुपूर्ण हैं। हे भव्य दर्शनशुद्धि के निमित्त इनका अन्तराय पालो।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मूल-उणाली-भिसं[1]-ल्हसुण-तुंवड-करड-कालिंगु ।
सूरण फुल्लत्थाणयहि भक्खणिं[2] दंसणं[3]भंगु ॥ ३४ ॥

अं[4]ण्णु जि मुं[5]ललिउ फुल्लियउ सायहुं[6] चलियउ जं जि ।
दो[7]दिणं[8]वासियउ दहिमहिउ ण हु भुंजिज्जइ तं जि ॥ ३५ ॥

वेदलमीसिउ दहिमहिउ जुत्तु ण सावय होइ ।
खद्धइं दंसणभंगु पर सम्मत्तु वि मइलेइ ॥ ३६ ॥

तंबोलोसहु जलु मुइवि जें अत्थमियइं सूरि ।
भोग्गासणुं[9] फलु अहिलसिउं[10] तें किउ दंसणु दूरि ॥ ३७ ॥

जूएं[11] धणहु ण हाणि पर वयहं मि होइ विणासु ।
लग्गउ कट्ठु ण डहइ पर इयरहं डहइ हुयासु ॥ ३८ ॥

जइ देक्खवउ छाड्डियउं[12] ता जिय छाड्डिउ जूउं[13]
अह अग्गिहिं उल्हावियइं अव्वसें[14] ण उड्डइ धूउ ॥ ३९ ॥

दय जि मूलु धम्मंघिवहु सो उप्पाडिउ जेण ।
दलफलकुसुमहं कवण कह आमिसु भक्खिउ तेण ॥ ४० ॥

---

१ अ. क. विस. २ क. भक्खु ण. ३ ज. दंसणि. ४ अ. ज. द. अणु. ५ ज. द. खुलालिउ. ६ अ. क. सायहं. ७ द. दिणि. ८ ज. द. जो. ९ अ. भुंगासणु; क. द. पुग्गासणफल. १० ज. द. अहिलसइ. ११ अ जूवें. १२ अ क. जइ छंडिउ वउ देखिवउ. १३ क. ता छंडिउ तुहुं जूउ. १४ अ. क. अवसि.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

३४. मूली, उनाली (?) , विस (कमलतन्तु), लहसुन,
मूली आदि अभक्ष्य तुंबा, करड, कलिंग, सूरण व फूलस्थानों के भक्षण से दर्शन भङ्ग होता है।

३५. अन्य भी जिसमें जड़ें निकल आई हों, व फूल
अन्य अभक्ष्य आगये हों व जो स्वाद से चलित होगया हो, व दो दिन का बासा दही मही भी नही खाना चाहिये।

३६. द्विदलमिश्रित दही मही श्रावकों के योग्य नही
द्विदल होता। इसके खाने से दर्शन का भङ्ग और सम्यक्त्व मैला होता है।

३७. ताम्बूल, औषध और जल को छोडकर, सूर्यास्त के
रात्रिभोजन पश्चात् जिसने भोजन या फलाहार की अभिलाषा की उसने दर्शन को दूर कर दिया।

३८. जुंवा से धन ही की हानि नही होती पर व्रतों का
द्यूत भी विनाश होता है। अग्नि केवल जिस काठ में लगे उसे ही नही जलाती किन्तु दूसरों को भी ढा देती है।

३९. यदि देखना तक छोड दिया तो, हे जीव, द्यूत
द्यूतत्याग सचमुच छूटा। अग्नि के जलसे शमन कर देने पर अवश्य धुंआ नही उठता।

४०. दया ही धर्मवृक्ष का मूल है। इसे जिसने उपाट
दया डाला उसने दल, फल, कुसुम की कौन कथा मांस भक्षण कर लिया।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुट्ठिमंसु जइ छड्डियउ ता जिय छड्डिउं मंसु ।
जहँ[1] अप्पत्थें वारियइं वारिउ वाहिपवेसु ॥ ४१ ॥

मुहु वि लिहिवि सुत्तउं[2] सुणहु एहुँ[3] जि मज्झहु दोसु ।
मत्तउ वहिणिहिँ[4] अहिलसइ तें तहुँ[5] णरयपवेसु ॥ ४२ ॥

मज्जु[6] मुक्कुँ[7] मुक्कहं मयहं अण्णु जि वेसा मुक्क ।
जइ वाहिहिं विणिवारियहिँ वेयण होइ ण इक्क ॥ ४३ ॥

वेसहिं लग्गइ धणियधणु तुट्टई[8] बंधउ मित्तुं[9] ।
मुच्चइ णरु सव्वहं गुणहं वेसाघरि[10] पइसंतु ॥ ४४ ॥

कामकहंइं[11] परिचत्तियइं जिय दारिय परिचत्त ।
अह कंदइं उप्पाडियइं वेल्लिहिं पत्त समत्त ॥ ४५ ॥

पारद्धिउँ[12] पराणिग्घिणउ हणइँ[13] णिरारिउ जेण ।
भयभग्गा जियगहियतण णरयहुँ[14] गच्छइ तेण ॥ ४६ ॥

मुक्क सुणहमंजरपमुह जइ मुक्की पारद्धि ।
बीयइं रुद्धइं पाणियइं रुद्धी अंकुरलद्धि ॥ ४७ ॥

---

१ क. ज. द. जहिं. २ अ. क. द. सुत्तइं. ३ अ. ण हु ण. ४ द. वाहिणहिं; अ. ज. वहिणि जि. ५ अ. क. तह. ६ अ. क. मज्ज मुक्क. ७ क. द. °इं. ८ द. तुट्टउ. ९ अ. क. बंधवमित्त. १० अ. क. द. °गिहि. ११ अ. क. कामकहा° १२ ज. पारिद्धिउ. १३ अ. हणिउ. १४ अ. क. णिरयह.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

४१. मांसत्याग — पृष्ठमांस यदि छोड़ दिया तो, हे जीव, मांस छोड़ा। जैसे अपथ्य के निवारण से व्याधिप्रवेश का निवारण हो जाता है।

४२. मद्यदोष — वार वार लिख लिख कर इस सूत्र को सुनो। मद्य का यह दोष है कि मत्त (पुरुष) अपनी बहिन की भी अभिलाषा करने लगता है इससे उसका नरक में प्रवेश होता है।

४३. मद्यत्याग — मद के छोड देने से मद्य भी छूट जाता है और वेश्या भी छूट जाती है, जिस प्रकार कि व्याधि के निवारण हो जाने से एक भी वेदना नही रहती।

४४. वेश्यादोष — धनिकों का धन वेश्या में लगता है। वंधु मित्र सब छूट जाते हैं। वेश्या के घर प्रवेश करने वाला नर सब गुणों से मुक्त हो जाता है।

४५. वेश्यात्याग — कामकथा के परित्याग से, हे जीव, दारिका (वेश्या) का भी परित्याग हो जाता है। कंद के उपाट देने पर वेला के पत्र समाप्त हो जाते हैं (स्वयं सूख जाते हैं)।

४६. आखेटदोष — शिकारी बड़ा निर्दयी है जो भय से भागे हुए, जीभ में तृण दवाये हुए (मृगों) का वध करता है। इससे वह नरक को जाता है।

४७. आखेटत्याग — यदि शिकार खेलना छोड़ दिया तो कुत्ता विल्ली आदि भी छूट गये। बीज में पानी की रोक कर देने से अंकुरलब्धि का अवरोध हो जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चोरी चोर हणेइ पर बहुयकिलेसहं खाणि ।
देइ अणत्थु कुडुंवहं[1] मि गोत्तहुं[2] जसधणहाणि ॥ ४८ ॥

मुक्कहं कूडतुलाइयहं चोरी मुक्की होइ ।
अह व वणिज्जइं छंडियइं[3] दाणु ण मग्गइ कोइ ॥ ४९ ॥

परतिय बहुबंधण[4] ण परं अण्णु वि णरयणिसेणि[5] ।
विसकंदलि घारइ णं[6] पर करइ वि पाणहं हाणि ॥ ५० ॥

जइ अहिलासु णिवारियउ ता वारिउ परयारु ।
अह णाइक्कें[7] जित्तइणं जित्तउ सयलु खंधारु ॥ ५१ ॥

वसणइं तावइं[8] छंडि जिय परिहरि[9] वसणासत्तं[10] ।
सुक्कंहं[11] संसग्गें हरिय पेक्खह तरु डज्झंतं[12] ॥ ५२ ॥

मूलगुणा इय एत्तडइं[13] हियवइ थक्कइं[14] जासु ।
धम्मु अहिंसा देउ जिणु रिसि गुरु दंसणुं[15] तासु ॥ ५३ ॥

---

१ अ. द. कुडंवह. २ अ. क. गोत्तिहु. ३ क. छेडियइं. ४ 'बहुबंधणणयर' भी पढा जा सकता है । ५ क. णिरय°. ६ ज. णि. ७ अ. क. इक्कें रायहं जित्तियहं. ८ ज. द. ताव छंडु जिय. ९ अ. परिहर. १० अ. क. प. वसणासत्ति. ११ अ. क. सुक्खइं. १२ क. द. डज्झंति. १३ अ. द. इत्तडउ; क. उत्तडउ. १४ क. थक्कउ. १५ द. दंसण.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

४८. चोरी-दोष — चोरी चोर का तो हनन करती ही है पर और भी बहुत से क्लेशों की खानि है। वह कुटुम्ब का भी अनर्थ करती है और गोत्र के यश और धन का नाश कर देती है।

४९. चोरी-त्याग — कूट तुलादि के छोड देने पर चोरी छूटती है। वाणिज्य के छोड देने पर कोई दान नही मांगता।

५०. परस्त्री-दोष — परस्त्री बहुत बन्धन ही नही परंतु वह नरक-नसेनी भी है। विष-कंदली मूर्च्छित ही नही करती, किन्तु प्राणों की भी हानि कर डालती है।

५१. परस्त्री-त्याग — यदि अभिलाष का निवारण होगया तो परदारा का त्याग हुआ। नायक के जीत लेने पर समस्त स्कंधावार (सेना) पर विजय होजाती है।

५२. व्यसनी मनुष्यों का परिहार — व्यसन तब छूटेंगे, हे जीव, जब व्यसनों में आसक्त (मनुष्यों) का परिहार करे। सूखों के संसर्ग से, देखो, हरे वृक्ष भी ढा जाते हैं।

५३. सम्यग्दर्शन की पूर्णता — इस प्रकार ये मूल गुण जिसके हृदय में वास करते हैं, व जिसका धर्म अहिंसा, देव जिन और गुरु ऋषि है उसीका [सम्यग्] दर्शन है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जसु दंसणु तसु माणुसहं दोस पणासइं जंति ।
जैहिं पएसि णिवसइ गरुडु तहिं किं विसहर ठंति ॥५४॥

दंसणरहियँ जि तउ करहिं ताहं वि णिप्फल णिट्ठ ।
विणु बीयइं कणभरणमिय भणु किं खेत्ती दिट्ठ ॥ ५५ ॥

दंसणसुद्धिए सुद्धयहं होइ सयल वयणिट्ठ ।
अह कप्पडि अणतोरियइं किम लग्गइ मंजिट्ठ ॥ ५६ ॥

दंसणभूमिहिं बाहिरउ जिय वयरुक्ख ण हुंति ।
विणु वयरुक्खहं सुक्खफल आयासहु ण पडंति ॥ ५७ ॥

छंडु दंसणु गड्डायरउ हियडइं णिच्चलु जाउ ।
वयपासाउ समीढवहुं चंचलु धणु जिय आउ ॥ ५८ ॥

अणुवयगुणसिक्खावयइं ताइं मि बारह हुंति ।
भुंजाइवि णरसुरसुहइं जिउ णिव्वाणहु णिंति ॥ ५९ ॥

---

१ अ. क. वड°. २ ज. माणु सुहु; द. माणसुहु ३ ज. पणासिवि; द. पणासवि. ४ अ. क. जिहिं. ५ अ. क. जंति. ६ क. °रहिउ. ७ क. करइ. ८ ज. वीजइं. ९ ज. द. बाहिरा. १० अ. मोक्खफल. ११ अ. क. सुणु. १२ ज. दंसण. १३ हियडउ १४ द. पासा उवसमि ठवहु; क. पासहु व समठियहु; ज. पासउ वि समाढवहु. १५ ज. जि. १६ क. जिय.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

५४. जिसके दर्शन हैं उस मनुष्य के दोष नाश को प्राप्त होजाते हैं। जिस प्रदेश में गरुड निवास करता है वहां क्या विषधर ठहर सकते हैं?

दर्शन से दोष-नाश.

५५. दर्शन से रहित होकर जो तप करते हैं उनकी निष्ठा निष्फल है। विना वीज के, कहो, कहीं अन्न के भार से झुकी हुई खेती देखी गई है?

दर्शन के विना तप निष्फल है.

५६. जो दर्शनशुद्धि से शुद्ध हुए हैं उनके सब व्रतों की निष्ठा होती है। विना तुरटी (फिटकरी) लगाये कपड़े पर मंजीठा का रंग कैसे चढ सकता है?

दर्शनशुद्धि से व्रतनिष्ठा.

५७. दर्शनभूमि से वाहिर, हे जीव, व्रतरूपी वृक्ष नहीं होते, और विना व्रतवृक्षों के सुखफल आकाश से तो पड़ेंगे नहीं।

दर्शन के विना सुख नहीं.

५८. यदि दर्शन रूपी फलक हृदय में निश्चल होगया, तो उसपर व्रत रूपी पांसों को ढालो। फिर, हे जीव, चंचल धन को आने दो।

दर्शन और धनागम.

५९. अणुव्रत, गुणव्रत और शिक्षाव्रत सब मिलकर वारह होते हैं। वे मनुष्य और देवलोक के सुखों का उपभोग कराकर जीव को निर्वाण तक पहुंचा देते हैं।

वारह व्रतों से मोक्ष-प्राप्ति.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मणवयकायहिं[1] दय करहि[2] जेम ण ढुक्कइ पाउ ।
उरि सण्णाहें बद्धइण अवसि[3] ण लग्गइ घाउ ॥ ६० ॥

अलिय कसायहिं मा चवहि अलिएं गउ वसुराउ ।
जहिं णिविट्ठु साखंडु[4] तहँ[5] डालहँ[6] होइ पमाउँ[7] ॥ ६१ ॥

णासइ धणु तसु घरतणउ जो परदव्वु हरेइ ।
गेहिं कवेडउ[8] पेसियउ काइं ण काइं करेइ ॥ ६२ ॥

माणइं इंछिय परमहिल रामणु[9] सीय विणट्ठु[10] ।
दिट्ठिहिं मारइ दिट्ठिविसु ता को जीवइ दट्ठु ॥ ६३ ॥

पसुधणधण्णइं खेत्तियइं करि[11] परिमाणपवित्ति ।
वलियइं बहुयइं बंधणइं दुक्करु[12] तोडहुं जंति ॥ ६४ ॥

भोगहं करहि पमाणु जिय इंदिय म करि[13] सदप्प ।
हुंति ण भल्ला पोसिया दुद्धें काला सप्पँ[14] ॥ ६५ ॥

---

१ अ. क. कायहं. २ द. कर. ३ अ. ज. द. अवस. ४ अ. क. णिविट्ठु साखंड, प. भाखंड. ५ क. द. तहिं. ६ क. द. डालहु. ७ अ. पपाउ; क. पसाउ. ८ ज. कवडउ. ९ ज. रावणु द. रामणसीय. १० अ. विणट्ठि. ११ क. ज. करहि. १२ प. दुक्कर तोडहं; अ. क. तोडहं. १३ ज. करिसि दप्पु. १४ ज. सप्पु.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६०. दया — मन, वचन और काय से दया कर जिससे पाप न आवे। उर में कवच बांधने से अवश्य घाव नहीं लगता।

६१. असत्य — कषाय से असत्य मत बोल। असत्य से वसुराजा गया। जिस शाखा पर शाखारंड (द्रोही) बैठा उस शाखा का सत्यानाश हुआ।

६२. चोरी — जो परद्रव्य का हरण करता है उसके घर का धन भी नष्ट हो जाता है। गृह में कपट का प्रवेश कराया। वह क्या क्या नहीं करेगा।

६३. परस्त्री — मान के कारण पराई स्त्री, सीता, की इच्छा करने से रावण का नाश हुआ। दृष्टिविष (सर्प) दृष्टिमात्र से मार डालता है, डसे जाने पर तो कौन जी सकता है।

६४. परिग्रह — पशु, धन, धान्य, खेती इनमें परिमाण से प्रवृत्ति कर। बन्धनों में बहुत बल (आटें) होने से उनका तोडना दुष्कर हो जाता है।

६५. भोगों का प्रमाण — हे जीव, भोगों का भी प्रमाण रख। इन्द्रियों को बहुत अभिमानी मत बना। काले सांपों का दुग्ध से पोषण करना अच्छा नहीं होता।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दिसि विदिसिहिं परमाणु करि जियवहु जायंइ जेण ।
मोकलियंइं[2] आसागयइं संजमु पलिउ तेण ॥ ६६ ॥

लोहुं[3] लक्ख विसु सणु मयणु दुद्धभरणु पसुभारु ।
छंडि अणत्थहं पिंडि पिंडिउ किमि तरिहंहि संसारु ॥६७॥

संझा तिहिं मि समाइयंइं उप्पज्जइं बहुपुण्णु ।
कालि वरिट्ठइं भंति कउ जंइ उप्पज्जइ धण्णु ॥ ६८ ॥

चिरकियकम्महं खंउ करइ पव्वादिणंहि[11] उववासु ।
अहवा सोसइ सरसलिलु भंति ण गिंभि दिणेसु ॥ ६९ ॥

पत्तइं दिज्जइ दाणु जिय कौलि[12] विहाणइं तं पि ।
अह विहिविरहिउ वावियउ बीउ वि फलइ ण किं पि ॥७०॥

सण्णासेण मरंतयहं लब्भइ इच्छियलद्धि ।
इत्थुं[13] ण कायउ भंति करि जंहिं साहसु तहिं सिद्धि ॥७१॥

---

१ ज. जाइय. २ अ. द. मोकलियहिं आसागयहिं. ३ अ. लोह लाख. ४ अ. क. तरिहसि; ज. तरिसहि. ५ ज. समाइयहं. ६ अ. वरिट्ठउ; क. परिट्ठउ. ७ अ. क. द. जहिं. ८ ज. उपज्जइ बहु धम्मु; अ. धम्मु. ९ ज. कय. १० अ. क. खय; ज. खइ. ११ अ. क. दिणह; ज. दिणइं. १२ अ. क. ज. कालविहाणें. १३ क. द. इत्थि. १४ क. जह साहस तह सिद्धि.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

६६. दिग्व्रत — दिशा-विदिशाओं (में जाने) का भी प्रमाण कर। इससे जीववध होता है। जिसने आशाओं में जाना छोड दिया उसने संयम का पालन किया।

६७. अनर्थत्याग — लोहा, लाख, विष, सन, मैन, दुष्टभरण और पशुभार इनको छोड़। अनर्थों के पिंड में पड़कर किस प्रकार संसार को तरेगा?

६८. सामायिक — तीनों संध्याओं में सामायिक करने से बहुत पुण्य उत्पन्न होता है। यदि समय पर वर्षा होने से धान्य उत्पन्न हो तो इसमें भ्रान्ति क्या है?

६९. पर्वोपवास — पर्व के दिन का उपवास चिरकाल के किये हुए कर्मों का क्षय करता है। ग्रीष्म में सूर्य सरोवर के जल को सुखा देता है, इसमें भ्रान्ति नहीं।

७०, पात्रदान — हे जीव, पात्रों को दान देना चाहिये, वह भी समय पर और विधि सहित। विना विधि के बोया हुआ बीज कुछ भी फल नहीं देता।

७१. सन्यासमरण — सन्यास से मरण करने वालों को यथेच्छ लाभ होता है, इसमें कुछ भी भ्रान्ति न कर। जहां साहस तहां सिद्धि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ए[1] बारह वय जो करइ सो गच्छइ सुरलोउ[2] ।
सहसणयणु धरणिंदु जहिं वण्णइ ताहं विभोउ[3] ॥ ७२ ॥

आउसंति सग्गहु[4] चइवि उत्तमवंसहं हुंति ।
भुंजिवि हरिबलचक्किसुहु[5] पुणु तवयरणु[6] करंति ॥ ७३ ॥

उक्किट्ठइं बिहिं तिहिं भवहिं भुंजिवि सुरणरसोक्खु[7] ।
जंति जहण्णइं धुणियरय[8] [9]भवि सत्तट्ठमि मोक्खु ॥ ७४ ॥

संगचाउ जे करहिं जिय ताहं ण वय भज्जंति ।
[10]अह किं लग्गहिं चोरडा जे दूरें णासंति ॥ ७५ ॥

एहु धम्मु जो आयरइ[11] बंभणु सुद्दु वि कोइ ।
सो सावउ किं सावयहं अण्णु कि सिरि[12] मणि होइ ॥७६॥

मज्जु मंसु महु परिहरइ[13] संपइ सावउ[14] सोइ ।
णीरुक्खइ एरंड वणि किं ण भवाई होइ ॥ ७७ ॥

---

१ क. ज. एयारह. २ ज. सुरलोइ. ३ ज. विभोइ. ४ अ. क. सग्गह. ५ क. °सुह. ६ द. तवयरणि. ७ क. द. सुक्खु. ८ द. धणियरया. ९ अ. क. भवसत्तट्ठहं. १० अ. क. द. अहव कि लग्गहिं; क. लग्गइ. ११ क. आयरहि. १२ क. द सिरमणि. १३ क. द. परिहरइ; ज. परिहराहि. १४ क. सावय.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७२. ये बारह व्रत जो करता है वह सुरलोक को जाता है जहां सहस्रनयन [इन्द्र] और धरणेन्द्र भी उसके भोगों का वर्णन करते हैं।

व्रतपालन का फल

७३. आयु के अन्त में स्वर्ग को छोड़कर उत्तमवंश में उत्पन्न होते हैं, और हरि, बलभद्र व चक्रवर्ती के सुख भोगकर पुनः तप करते हैं।

दूसरे जन्म के सुख

७४. उत्कृष्ट (भव्य) दो तीन भव में सुरनर-सुख भोग कर, व जघन्य सात आठ भव में, कर्मरज को दूर करके मोक्ष को जाते हैं।

कुछ भवों के पश्चात् मोक्ष

७५. जो जीव संगत्याग कर देते हैं उनके व्रत भङ्ग नही होते। क्या उनको चोर लग सकते हैं जो दूर से भाग जाते हैं ?

संगत्याग

७६. इस धर्म का जो आचरण करता है, ब्राह्मण चाहे शूद्र, कोई भी हो, वही श्रावक है। और क्या श्रावक के सिर पर कोई मणि रहता है ?

श्रावकलक्षण

७७. जो मद्य, मांस और मधु का त्याग करे आजकल वही श्रावक है। क्या बड़े वृक्षों से रहित एरण्ड वन में छांह नही होती ?

आजकल श्रावक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सावयधम्महं सयलहं मि दाणु पहाणु सुवुत्तु ।
तं दिज्जइ विणएण सहुं बुज्झिवि पत्तु अपत्तु ॥ ७८ ॥

उत्तमपत्तु[1] मुणिंदु जगि मज्झिमु सावउ सिट्ठु ।
अविरयसम्माइट्ठि जणु पभणिउ पत्तु कणिट्ठु ॥ ७९ ॥

पत्तहं जिणउवएसियहं तीहिं[2] मि देइ[3] जु दाणु ।
कल्लाणइं पंचइं लहिवि भुंजइ सोक्खणिहाणु ॥ ८० ॥

दंसणरहियकुपत्ति[4] जइ दिण्णइ ताह कुभोउ ।
खारघडइं[5] अह णिवडियउ णीरु वि खारउ होइ ॥ ८१ ॥

हयगयसुणहहं दारियहं मिच्छादिट्ठिहिं भोय ।
ते कुपत्तदाणंघिवहं फल जाणहु बहुभेय[6] ॥ ८२ ॥

तं अपत्तु आगंमि[7] भणिउ णउ वयदंसणं[8] जासु ।
णिप्फलु दिण्णउ होइ तसु जेह[9] ऊसरि कउ सासु[10] ॥ ८३ ॥

हारिउ तें धणु अप्पणउ दिण्णु अपत्तहं जेण ।
उप्पहिं चोरहं[11] अप्पियउ खोज्जु ण पत्तउ केण ॥ ८४ ॥

---

१ द. उत्तिम°; ज. उत्तिमु. २ ज. तहें मि. ३ क. देउ. ४ अ. ज. कुपत्त. ५ अ. क. °घडे. ६ क. द. तहभेय. ७ क. आगम°. ८ अ. क. ज. °दंसणु. ९ अ. क. द. जहिं. १० द. सस्सु; प. सस्सु. ११ द. चोरहिं.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

७८. श्रावकों के सब धर्मों में दान प्रधान कहा गया
दान की प्रधानता है। इसे पात्र अपात्र का विवेक करके, विनय सहित देना चाहिये।

७९. जगत् में उत्तम पात्र मुनीन्द्र और मध्यम श्रावक
तीन पात्र कहा गया है। अविरत सम्यग्दृष्टि पुरुष कनिष्ठ पात्र कहा गया है।

८०. जिन भगवान् द्वारा उपदिष्ट तीनों प्रकार के पात्रों
पात्रदान का फल को जो दान देता है वह पंच कल्याण का लाभ करके सुखनिधान का उपभोग करता है।

८१. दर्शन रहित कुपात्र को यदि दान दिया जाता है
कुपात्रदान का फल तो उससे कुभोग प्राप्त होता है। खारे घड़े में डाला हुआ जल भी खारा हो जाता है।

८२. घोड़े, हाथी, कुत्ता व वेश्याओं के भोग मिथ्यादृष्टियों के भोग हैं। इन्हें कुपात्रदान रूपी वृक्ष के नाना प्रकार के फल जानो।

८३. आगम में उसे अपात्र कहा है जिसके व्रत व
अपात्रदान की निष्फलता दर्शन नहीं है। उसे दिया हुआ दान निष्फल होता है, जैसे ऊसर जमीन की खेती।

८४. जिसने अपात्र को दान दिया उसने अपना धन खोया। उपत कर चोरों को दिये हुए धन का खोज किस ने पाया है?

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इक्कु वि तारइ भवजलहि बहु[1] दायार सुपत्तु ।
सुपरोहणु एक्कु वि बहुय दीसइ पारहु णिंतु ॥ ८५ ॥

दाणु कुपत्तहं दोसडइ बोल्लिज्जइ ण हु भंति ।
पत्थरु पत्थरणाव कहिं दीसइ उत्तारंति[2] ॥ ८६ ॥

जइ गिहत्थु दाणेण विणु जगि पभणिज्जइ कोइ ।
ता गिहत्थु पंखि वि हवइं[3] जें घरु ताह वि होइ ॥ ८७ ॥

धम्मु करउं[4] जइ होइ धणु इहु दुव्वयणु म बोल्लि ।
हक्कारउ जमभडतणउ आवइ अज्जु कि कल्लि ॥ ८८ ॥

काइं बहुत्तइं संपयइं[5] जइं[6] किविणहं घरि होइ ।
उंवहिणीरु[7] खारें भरिउ पाणिउ पियइ[8] ण कोइ ॥ ८९ ॥

पत्तहं दिण्णउ थोवडउ[9] रे जियं[10] होइ बहुत्तु ।
वडह बीउ धरणिहिं पडिउ वित्थरु लेइ महंतु ॥ ९० ॥

धम्मसरूवें[11] परिणवइ चाउ वि पत्तहं दिण्णु ।
साइयजलु सिप्पिहिं गयउ मुत्तिउ होइ रवण्णु ॥ ९१ ॥

---

१ द. तारइ तीर. २ क. में यह दोहा नहीं है. ३ अ. ज. द. हवहिं. ४ अ. क. करहुं. ५ अ. क. संपदइं. ६ ज. द. जा. ७ ज. द. सायरणीरु खारें भरिए. ८ अ. पिवइ. ९ अ. द. थोअडउ. १० ज. द. वियरिय. ११ अ. क. सरूवइं.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

८५. एक ही सुपात्र अनेक दातारों को भवसमुद्र से
सुपात्रदान तार देता है। अच्छी एक ही नौका बहुतों को पार
की महिमा लगाती देखी जाती है।

८६. कुपात्र का दान दोष पूर्ण कहा गया है इसमें
कुपात्रदान भ्रान्ति नहीं। पत्थर की नाव पत्थर को पार
का दोष उतारती कहीं देखी गई है ?

८७. यदि दान के विना भी जगत् में कोई गृहस्थ
दान के विना कहलावे तो पक्षी भी गृहस्थ होगया क्योंकि घर
गृहस्थ नहीं तो उसके भी होता है।

८८. 'यदि धन होजाय तो धर्म करूं' ऐसे दुर्वचन मत
मौत का बोल। यमदूत का हल्कारा आज आजाय
अनिश्चय कि कल।

८९. बहुत सम्पत्ति से भी क्या यदि वह कृपण के घर
कृपण की हुई। समुद्र का जल खार से भरा है। उसका
सम्पत्ति पानी तक कोई नही पीता।

९०. हे जीव, पात्र को दिया हुआ थोड़ा भी बहुत होता
पात्रदान थोडा है। वट का बीज भूमि में पड़कर भारी विस्तार
भी बहुत है ले लेता है।

९१. पात्रको दिया हुआ दान धर्म स्वरूप परिणमित होता है। स्वातिजल सीप में पड़कर रमणीय मोती बन जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जं दिज्जइ तं पावियइ एउ[1] ण वयणु विसुद्धु ।
गाइ पइण्णइ[2] खडभुसइं किं ण पयच्छइ दुद्धु ॥ ९२ ॥

जो घरि हुंतइं धणकणइं मुणिहि कुभोयणु देइ ।
जम्मि जम्मि दालिद्दडउ पुट्ठि ण तहु छंडेइ ॥ ९३ ॥

कहिं भोयण सउहुं भिट्टंडी[4] दिण्णु कुभोयणु जेण ।
हुंतइं बीयइं घरि पउर ववियं बबूलइं तेण ॥ ९४ ॥

जं जिय दिज्जइ इत्थुभवि तं लब्भइ परलोइ ।
मूलें सिंचइ तरुवरहं फलु डालहं[5] पुणु होइ ॥ ९५ ॥

पत्तइं दाणइं[6] दिण्णइण मिच्छादिट्ठि वि[8] जंति ।
उत्तमाइं भोयावणिहिं[7] इच्छिउ[9] भोउ लहंति ॥ ९६ ॥

कम्मु[10] ण खत्तिय सेव जहिं णउ वाणिज्जपयासु ।
घरि घरि दस कप्पयर जहिं ते पूरहिं[11] अहिलासु ॥ ९७ ॥

किं किं देइ ण धम्मतरु दाणसलिलसिंचंतु ।
जइ मिच्छत्तहुयासणहु रक्खिज्जइ डज्झंतु ॥ ९८ ॥

---

१ अ. क. पइउ वयणु विरुद्धु. २ ज. पयणइं. ३ ज. द. सिद्धु. ४ अ. क. भेटडी. ५ क. डालहु. ६ क. दिण्णइं दाणइण. ७ ज. °हिं. ८ अ. क भोयवणि वि. ९ क. इच्छिय भोय. १० अ. क. कम्म. ११ क. पूरइं; ज. पूरिहिं.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

९२. 'जो दिया जाता है वही प्राप्त होता है' यह वचन उपयुक्त नहीं है। गाय को घास-भुसा खिलाया जाता है तो क्या वह दूध नहीं देती ?

९३. कुभोजन–दान का फल — जो घर में धनधान्य होते हुए भी मुनि को कुभोजन देता है, जन्म जन्म दारिद्र्य उसका पीछा नहीं छोड़ता।

९४. उसकी भोजन से भेंट कहां जिसने कुभोजन दिया। घर में अच्छा बीज होते हुए भी उसने बबूल बोये।

९५. दान से परलोक में सुख — हे जीव, जो कुछ इस भव में दिया जाता है वही परलोक में प्राप्त होता है। वृक्ष की मूल सींचने से ही डाल में फल लगता है।

९६. पात्रदान से भोग-भूमि के सुख — पात्रों को दान देने से मिथ्यादृष्टि भी उत्तम भोगभूमि को जाते हैं और इष्टभोग पाते हैं।

९७. जहां (भोगभूमि में) न खेती व सेवा का काम है और न वाणिज्य का प्रयास है। जहां घर घर दश कल्पवृक्ष हैं जो अभिलाषाओं को पूरी करते हैं।

९८. दान से धर्मवृद्धि और इष्टलाभ — दान सलिल से सींचे जाने पर धर्मतरु क्या क्या नहीं देता, यदि मिथ्यात्वरूपि अग्नि से उसे जलने से बचाया जाय।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धम्मु करंतहं होइ धणु इत्थु ण कायउ भंति ।
जलु कड्ढंतहं कूवयहं अवसइं सिरउ धंडंति ॥ ९९ ॥

धम्महु धणु पैरिहोइ थिरु थिग्धइं विहडिवि जंति ।
अह सरवरु अविणंइं रहिउ फुट्टिवि जाइ तडत्ति ॥ १०० ॥

धम्में सुहु पावेण दुहु एउँ पसिद्धउ लोइ ।
तह्मा धम्मुं समायरहि जें हियइंछिउ होइ ॥ १०१ ॥

धम्में जाणंहिं जंति णर पावें जाण वहंति ।
घरयर गेहोवरि चढहिं कूवखणयं तलि जंति ॥ १०२ ॥

धम्में इक्कु वि बहु भरइ सइं भुक्खियउ अहम्मु ।
वडु बहुयंहं छाया करइ तालु सहइ सइं घम्मु ॥ १०३ ॥

काइं बहुत्तइं जंपियइं जं अप्पहु पडिकूलु ।
काइं मि परहु ण तं करहि एहु जि धम्महु मूलु ॥ १०४ ॥

सत्थसएणं वियाणियहं धम्मु ण चढइं मणे वि ।
दिणयरसउ जइ उग्गमइं घूयंडु अंधउ तो वि ॥ १०५ ॥

---

१ अ. क. काइं म भंति; द. काइं भणंति. २ ज. वहंति; द. वड्ढंति. ३ अ. क. परहोइ. ४ अ. अविणय. ५ अ. क. एहु. ६ क. धम्म समायरह जिह हियइच्छिय. ७ अ. क. द. जाणहं; ८ द. ण. हुंति. ९ क. खणे. १० अ. क. द. वहुयइं. ११ ज. घुम्मु; १२ ज. °सएहिं. १३ द. चडइ. १४ अ. उग्गमहि. १५ अ. क. घूवउ.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

९९. धर्म करने वालों के धन होता है इसमें भ्रान्ति
धर्म से धन प्राप्ति न करना चाहिये। कूप से जल काढने वालों के
सिर पर अवश्य घड़ा होता है।

१००. धर्म से धन स्थिर होता है और विघ्न विघट
धर्म से धन जाते हैं। पार से रहित सरोवर तड़ से फूट
की स्थिरता जाता है।

१०१. 'धर्म से सुख, पाप से दुख' यह लोक में प्रसिद्ध
धर्म से सुख है। इसलिये धर्म कर जिससे मनोवाञ्छित
प्राप्त हो।

१०२. धर्म से नर यानों द्वारा जाते हैं और पाप से यानों
धर्म का सुफल, का वहन करते हैं। घर बनाने वाले घरके ऊपर
पाप का दुष्फल चढते हैं और कुआ खोदने वाले नीचे को जाते हैं।

१०३. धर्म से एक ही बहुतों का भरण पोषण करता है
धर्म की शक्ति और अधर्मी स्वयं भूखा रहता है। वट बहुतों पर
छाया करता है और ताल स्वयं घाम सहता है।

१०४. बहुत कहने से क्या, जो अपने प्रतिकूल हो उसे
धर्म का मूल कभी दूसरों के प्रति भी मत करो। यही धर्म का
मूल है।

१०५. सौ शास्त्रों को जान लेने से भी विपरीत ज्ञान वाले
विपरीत ज्ञानी के मन पर धर्म नहीं चढता। यदि सौ सूर्य भी ऊग
आवें तो भी घुग्घू अंधा ही रहेगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पोट्टहं लग्गिवि पावमइ करइ परत्तहं दुक्खु ।
देउल[1] लग्गिय[2] खिल्लियइं[3] किण्ण पलोट्टइं[4] मुक्खु ॥ १०६ ॥

छुडु सुविसुद्धियँ[5] होइ जिय तणुमणवयसामग्गि[6] ।
धम्मु विढप्पइ इँत्तियइं[7] धणहं विलग्गउ अग्गि ॥ १०७ ॥

मुणि वयणइं[8] झायहि[9] मणइं जिणु भुवणत्तयबंधु ।
कायइं[10] करि उववासु जिय जें खुट्टइ भवसिंधु ॥ १०८ ॥

होइ वणिज्जु ण पोट्टलिहिं[11] उववासहिं णउ धम्मु ।
एहु अहाणउ[12] सो चवइ जसु कउ भारिउ कम्मु ॥ १०९ ॥

पोट्टलियइं मणिमोत्तियइं धणु कित्तियहिं[13] ण माइ ।
बोरिहिं[14] भरिउ बलद्दडा तं णाही जं खाइ ॥ ११० ॥

उववासहु इक्कहु फलइं संबोहियपरिवारु ।
णायदत्तु दिवि देउ हुउ पुणरवि णायकुमारु ॥ १११ ॥

तें कज्जें जिय पइं[15] भणिउ करि उववासब्भासु[16] ।
जाम ण देहकुडिल्लियइं ढुक्कइ मरणहुयासु ॥ ११२ ॥

---

१ अ. देउलि. २ ज. लग्गावि. ३ ज. कीलियहिं. ४ प. पइट्टइ. ५ अ. क. ज. सुविसुद्धइ. ६ द. °वयणे समग्गि. ७ अ. क. तित्तियइं. ८ ज. द. वयणिं. ९ क. झाइय मणह. १० ज. कायहं. ११ ज. पोट्टिलिहिं. १२ ज. अयाणउ. १३ अ. कित्तयहिं १४ अ. क. वोरिय. १५ ज. पइं. १६ ज. उववासु सपासु.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१०६. पेट के लिये भी पापमति दूसरों को दुख पहुंचाता है। देवल में लगी हुई खीलियों को मूर्ख क्यों नहीं पलोटता ?

पेट के लिये पाप

१०७. यदि, हे जीव, तन, मन और वचन की सामग्री विशुद्ध होय तो इतने से ही धर्म बढता है। धन में आग लगने दे।

मन-वचन-काय की शुद्धि

१०८. त्रिभुवन-बन्धु जिन भगवान् का वचनों से कीर्तन कर, मन से ध्यान कर, और काय से उपवास कर, जिससे, हे जीव, भवसिंधु छुटे।

ध्यान, कीर्तन और उपवास

१०९. वाणिज्य पोटली से नहीं होता। उपवास से धर्म नहीं होता। यह अहाना वह कहता है जिसने भारी (दुष्) कर्म किया है।

उपवास की वाणिज्य से उपमा

११०. मणि और मोतियों की पोटली में धन कितना है इसका मान नहीं रहता। बैल भरे बेरों का तो कोई खाने वाला भी नहीं है।

१११. एक ही उपवास के फल से परिवार का सम्बोधन करके नागदत्त स्वर्ग में देव हुआ और फिर नागकुमार।

उपवास-फलका उदाहरण

११२. इसीलिये, हे जीव, तुझसे कहता हूं कि उपवास का अभ्यास कर, जबतक कि देह रूपी कुंड में मरण की आग नहीं पड़ी।

उपवास का अभ्यास

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धम्मु विसुद्धउ तं जि पर जं किज्जइ काएण ।
अहवा तं धणु उज्जलउ जं आवइ णाएण ॥ ११३ ॥

णिद्धणमणुयह कट्ठडा संजमि उ[1]णय दिंति ।
अह उत्तमपइ जोडिया जिय दोस वि गुण हुंति ॥ ११४ ॥

णियमविहूणँह[2] णिट्ठणी जीवह णिप्फल होइ ।
अणबोल्लियँउ[3] कि पावियइ दँम्मकलंतरु[4] लोइ ॥ ११५ ॥

जो वयभायणु सो जि तणु किं किज्जइ इयरेण ।
तं सिरु जँ[5] जिणमुणि णवइ रेहइँ[6] भत्तिभरेण ॥ ११६ ॥

दाणच्चणविहि जे करहिं ते जि सलक्खण हत्थ ।
जे जिणतित्थँहं[7] अणुसरहिं पाय वि ते जिं[8] पसत्थ ॥११७॥

जे सुणंति धम्मक्खरइं[9] ते हउं मण्णमि कण्ण ।
जे जोयहिं जिणवरह मुहु ते पर लोयण धण्ण ॥ ११८ ॥

अवरु वि जं जहिं उवयरइँ[10] तं उवयारहि[11] तित्थु ।
लइ जियँ[12] जीवियलाहडउ देहु म लेहुँ[13] णिरत्थु ॥ ११९ ॥

---

१ अ. क. संजमियउणय. २ अ. °विहूणा; क. विहूणी. ३ ज. वोल्लिउ. ४ क. दव्वफलंतरु. ५ ज. जिं. ६ अ सोहइ. ७ अ. ज. °तित्थहिं. ८ अ. क. ण. ९ अ. क. °हिं; ज. °हं. १० अ. क. °हि. ११ ज. उवयारिहिं. १२ द. जीविय जियलाहडउ. १३ प. करहु.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

११३. धर्म वही विशुद्ध है जो अपनी काय से किया जावे, और धन वही उज्वल है जो न्याय से आवे।
काय से धर्म, न्याय से धन

११४. निर्धन मनुष्य के कष्ट संयम में उन्नति देते हैं। उत्तम पद में जोड़े हुए दोष भी गुण हो जाते हैं।
निर्धनता और संयम

११५. नियम-विहीन मनुष्य की निष्ठा निष्फल होती है। विना बोलाये क्या कोई लोक में दाम का टुकड़ा भी पाता है ?
नियम और निष्ठा

११६. जो व्रत-भाजन हो वही तन है, अन्य किस काम का ? वही सिर है जो जिनमुनि को नमस्कार करे और भक्ति के भार से सुशोभित हो।
सच्चा तन, सच्चा मस्तक

११७. जो दान और पूजाविधि करें वे ही सुलक्षण हाथ हैं। जो जिनतीर्थों का अनुसरण करें वे ही पांव प्रशंसनीय हैं।
सच्चे हाथ, सच्चे पांव

११८. जो धार्मिक शब्दों को सुनते हैं उन्हीं को मैं कान मानता हूं। जो जिनवर का मुख देखें वे ही परम लोचन धन्य हैं।
सच्चे कान, सच्चे नेत्र

११९. और भी जो (अंग) जैसा उपकार कर सके उससे वैसा उपकार कराओ। हे जीव, जीवन-लाभ लेकर देह को निरर्थक मत करो।
धर्म से देह की सार्थकता

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

घरु पुरु परियणु धणियधणु बंधवपुत्तसहाइं ।
जीवें जंतें धम्मु पर अण्णु ण सरिसउ जाइ ॥ १२० ॥

देहि दाण चंउ किं पि करि मंण गोवहि णियसत्ति ।
जं कड्ढियँइं वलंतयहं तं उव्वरइ ण भंति ॥ १२१ ॥

जइ जिय सुक्खँहं अहिलसहि छंडहि विसयकसाय ।
अह विर्ंधइं अणिवारियहं फलहिं कि अज्झवसाय ॥ १२२॥

फरसिंदिउ मा लालि जिय लालिउ एहु जि सत्तु ।
करिणिहिं लग्गँउ हत्थियउ णियलंकुसदुर्हु पत्तु ॥ १२३ ॥

जिब्भिंदिउ जिय संवरहि सरस ण भल्ला भक्ख ।
गालइं मच्छु चडप्फडिवि मुउँ विसहइ थलदुक्ख ॥ १२४ ॥

घाणिंदिय वड वासि करहि रक्खहुं विसयकसौंउ ।
गंधहं लंपडु सिलिमुहु वि हुउ कंजइं विच्छाउ ॥ १२५ ॥

रूवहु उप्परि रइँ म करि णयण णिवारहि जंत ।
रूवासत्त पयंगडा पेक्खँहि दीवि पंडत ॥ १२६ ॥

---

१ द. सयाइं. २ अ. ज. चउ. ३ अ. क. मणि. ४ क. कढियइं घरवरत्तयहं. ५ ज. द. सुक्खहिं. ६ क. विग्घें. ७ क. लग्गिउ. ८ द. °वुह. ९ अ. मुह. १० क. रक्खउ. ११ ज. °पमाउ. १२ द. मइ. १३ ज. रूवहु लग्गि. १४ क. पेखह.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१२०. घर, पुर, परिजन, धनिकों का धन, पुत्र, बांधव और सहायक ये जाते समय जीव के साथ नही जाते। धर्म ही एक साथ जाता है।

जीव का सच्चा साथी केवल धर्म

१२१. कुछ भी कर के चार दान दे। मन को निजशक्ति के अनुसार गोप। जो खींच लिया चलते समय वही उपकारी होगा इसमें भ्रान्ति नहीं।

दान और मनोगुप्ति

१२२. हे जीव यदि तूं सुख चाहता है तो विषय-कषाय छोड़ दे। जिन्होंने विघ्नों का निवारण नहीं किया उनके क्या अध्यवसाय फलीभूत होते हैं?

विषय-कषाय का त्याग

१२३. हे जीव, स्पर्शेन्द्रिय का लालन मत कर। लालन करने से यह शत्रु बन जाता है। करिणी से लग कर हाथी जंजीर और अकुंश के दुख में पड़ा है।

स्पर्शेन्द्रिय

१२४. हे जीव, जिह्वेन्द्रिय का संवारण कर। रसपूर्ण भक्षण भला नही होता। गल से मछली थल के दुख सहती है और तड़फड़ा कर मरती है।

जिह्वेन्द्रिय

१२५. हे मूढ, घ्राणेन्द्रिय को वश में कर और विषय-कषाय से बच। गंध का लोभी शिलीमुख (भ्रमर) कमल में कुह्मला कर पड़ा है।

घ्राणेन्द्रिय

१२६. रूप के ऊपर रति मत कर। उधर जाते हुए नयनों को भी रोक। रूप में आसक्त पतंग को दीपक पर पड़ते हुए देख।

नेत्रेन्द्रिय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

मणगच्छहं मणमोहणहं[1] जिय गेयहं[2] अहिलासु ।
गेयरसें हियकण्णडा पत्ता हरिण विणासु ॥ १२७ ॥

एक्कहिं[3] इंदियँ[4]मोक्कलउ पावइ दुक्खसयाइं ।
जसु पुणु पंच वि मोक्कला तसु पुच्छिज्जइ काइं ॥ १२८ ॥

ढिल्लउ होहिँ[5] म इंदियहं पंचहं विण्णि णिवारि ।
इक्क णिवारहि जीहिंडी[6] अण्ण पराई णारि ॥ १२९ ॥

खंचहि गुरुवयणंकुसहिं मेल्लि म ढिल्लउ तेमँ[7] ।
मुहँ मोडइ मणहत्थियउ संजमँ[9]भरतरु जेमँ[10] ॥ १३० ॥

परिहरि कोहु खमाइ करि मुच्चँहि[11] कोहमलेण ।
ण्हाणें सुज्झइ भंतिकउ छित्तउ चंडालेण ॥ १३१ ॥

मउयत्तणु जिय मणि धरहि माणु पणासइ जेण ।
अहवा तिमिरु ण ठाँहरइ[12] सूरहु गयणि ठिएण ॥ १३२ ॥

माया मिल्लही थोडिय वि दूसइ चरिउ विसुद्धु ।
कंजियबिंदुइं वि त्तुडइँ[13] सुद्धु वि गुलियँउ[14] दुद्धु ॥ १३३ ॥

---

१ ज. °मोहणइं. २ अ. गीयह. ३ अ. क. एक्क वि. ४ अ. इंदिउ. ५ अ. क. द. होइ. ६ क. जीयडी; ज. जीहडिय. ७ क. तेन ८ ज. प. जह. ९ ज. संजमु भरु. १० अ. क. जेन. ११ क. मुंचइ. १२ ज. ट्ठाइ परा. १३ अ. क. °बिंदु वि घड पडइ. १४ अ. क. गलियउ.

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१२७. कुछ अच्छे, मनमोहक गीत की, हे जीव, अभिलाषा
कर्णेन्द्रिय (मत कर)। कर्णहारी गीत के रस से हरिण विनाश को प्राप्त हुए।

१२८. एक ही इन्द्रिय के स्वच्छन्द होने से सैकड़ों दुख
पंचेन्द्रिय प्राप्त होते हैं। जिसकी पांचों इंन्द्रिय मुक्त हैं उसका तो पूछना ही क्या है।

१२९. पांचों इंद्रियों के सम्बन्ध में ढीला मत हो। दो का
जिह्वा और परस्त्री निवारण कर। एक जीभ को रोक और दूसरे पराई नार।

१३०. गुरुवचन रूपी अंकुश से खींच, जिससे मद्वापन
मन रुपी हाथी, संयमरूपी वृक्ष. को छोड़कर मनरूपी हाथी संयम रूपी हरे भरे वृक्ष की ओर मुख मोड़े।

१३१. क्रोध को छोड़ और क्षमा धारण कर। क्रोध रूपी
सच्ची शुद्धि मैल से मुक्त हो। भ्रान्ति में पड़ा हुआ मनुष्य ही चंडाल से छुआ जाकर स्नान से शुद्ध होता है।

१३२. हे जीव, मृदुता को मन में धारण कर जिससे
मार्दव मान का प्रणाश हो। सूर्य के गगन में स्थित होने पर तिमिर नही ठहर सकता।

१३३. माया को छोड़ जो थोड़ी भी विशुद्ध चरित्र को
मायात्याग दूषित कर देती है। कांजी के बिन्दुमात्र से शुद्ध, गुडीला दूध भी फट जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लोहु मिल्लि चउगइसलिलु हलुवउ जायइ जेम ।
लोहमुक्कु सायरु तरइ पेक्खि परोहणुं[1] तेम ॥ १३४ ॥

मोहुं[2] णु छिज्जउ दुब्बलउ होइ इयरु परिवारु ।
हलुवउ उग्घाडंतयहं अह व णिरग्गलुं[3] वारु ॥ १३५ ॥

मिच्छत्तें णरु मोहियउ पाउ वि धम्मु मुणेइ ।
भंति कवण धत्तूरियउ डुंलु[4] वि सुवण्णु भणेइ ॥ १३६ ॥

जइ इच्छहि[5] संतोसु करि जिय सोक्खहं विउलाहं ।
अह वा णंदु ण को[6] करइ रवि मेल्लिवि कमलाहं ॥ १३७ ॥

मणुयहं विणयविवज्जियहं गुण सयल वि णासंति ।
अह सरवरि विणु पाणियइं कमलइं केम रहंति ॥ १३८ ॥

विज्जावच्चें विरहियउ वयणियरो वि ण ठाइ ।
सुक्कसरहु किं हंसउलु जंतउ धरणहं जाइ ॥ १३९ ॥

सज्झाएं णाणह पसरु रुज्झइ इंदियगाउ ।
पच्चूसें सूरुग्गमणि घूयंड[7]कुलु णिच्छाउ ॥ १४० ॥

---

१ क. परोहण. २ द. मोहुण छिज्जइं. ३ अ. क. द. णिरग्गल. ४ अ. क. डेलु वि सुण्णु. ५ अ. ज. द. अच्छहि. ६ ज. कु वि. ७ अ. क. घूवड.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१३४. लोभत्याग लोभ को छोड़ जिससे चतुर्गति रूपी जल हलका हो जाय। देख, लोहमुक्त प्ररोहण (नौका) सागर को तर जाती है।

१३५. मोहत्याग मोहका क्षय हो जाने से अन्य परिवार (आपही) दुर्बल हो जाता है। अर्गला रहित द्वार उघाड़ने में हलका होता है।

१३६. मिथ्यात्व मिथ्यात्व से मोहित नर पाप को भी धर्म मानता है। धतूरे से मत्त पुरुष दल को भी सुवर्ण कहे इसमें क्या भ्रान्ति है।

१३७. सन्तोष यदि खूब सुख की इच्छा है, तो, हे जीव, सन्तोष कर। कमलों को आनन्द सूर्य को छोड़कर और कौन करेगा?

१३८. विनय विनय से विवर्जित मनुष्यों के सकल गुण नष्ट हो जाते हैं। बिना पानी के सरोवर में कमल किस प्रकार रह सकते हैं?

१३९. वैयावृत्य वैयावृत्य से विरहित व्रतों का समूह भी नहीं ठहरता। सूखे सरोवर से जाता हुआ हंसकुल क्या धरा (रोका) जा सकता है?

१४०. स्वाध्याय स्वाध्याय से ज्ञान का प्रसार और इंद्रिय-ग्राम का अवरोध होता। हे प्रातःकाल के सूर्योदय में घुग्घू-कुल निष्प्रभ होजाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गुणवंतहं सह संगु करि भल्लिम पावहि जेम ।
सुं[1]वणसुं[2]पत्तविवज्जियउ वरतरु वुच्चइ[3] केम ॥ १४१ ॥

सत्तु वि महुरइं उवसमइ सयल वि जिय वसि हुंति ।
चाँ[4]इ कवित्तें पोरिसइं पुरिसहु होइ ण कित्ति ॥ १४२ ॥

भोयणु मं[5]डणें जो करइ सरसइ सिज्झइ तासु ।
अ[6]ह वा वसइ समुद्दि जिय लच्छिम करहुं णिवासु ॥१४३॥

वि[8]सयकसाय वसणाणिवहु अण्णु जि मिच्छाभाउ ।
पिसुणत्तणु कक्कसवयणु मिल्लं[9]हि सयलु अणाउ ॥ १४४ ॥

अण्णाएं आवंति जिय आवइ घरण ण जाइ ।
उम्मग्गें चलंतयहं कं[10]टइं भज्जइ पाउ ॥ १४५ ॥

परिहरि पुत्तु वि अप्पणउ जसु अण्णायपवित्ति ।
अप्पणियइं लालइं मरइ कुसियारउ णउ भंति ॥ १४६ ॥

अण्णाएं बलि[11]यहं वि खउ किं दुब्बले[12]हं णं[13] जाइ ।
जहिं वाएं वच्चंति गय त[14]हिं किं सूणी ठाइ ॥ १४७ ॥

---

१ ज. द. सवण. २ क. सपत्त. ३ ज. बुज्झइ. ४ क. चाउ; अ. चाउ. ५ अ. मोणिं. ६ द. अह व वसाइ; ज. वसाय. ७ अ. क. ज. करइं. ८ क. वसाणि कसाए विसमभय. ९ अ. क. द. मिल्लिवि. १० अ. ज. कंटउ. ११ अ. वलियउ. १२ अ. क. ज. द. दुब्बलउ. १३ ज. द. म. १४ क. ज. तिह.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१४१. गुणवंतों का संग कर जिससे भलाई पावे। सुवन
सुसंगति और सुपत्रों से विवर्जित उत्तम वृक्ष कैसे कहा जा सकता है ?

१४२. शत्रु भी मधुरता से शान्त हो जाता है और सभी
माधुर्य, त्याग और पौरुष जीव वश में हो जाते हैं। त्याग, कवित्व और पौरुष से पुरुष की कीर्ति होती है।

१४३. जो मौन से भोजन करता है उसे सरस्वती सिद्ध
मौन-भोजन होती है। लक्ष्मी समुद्र में निवास करती है इसलिये समुद्र (स्व+मुद्रा) में उसका निवास बनाओ।

१४४. विषय-कषाय, व्यसनसमूह, पिशुनत्व, कर्कशवचन
त्याज्य-भाव और सकल अन्याय इनको छोड़।

१४५. अन्याय से (लक्ष्मी) आती तो आजाती है पर
अन्याय धरी (रोकी) नहीं जा सकती। उन्मार्ग से चलने वालों का पांव कांटे से भग्न होता है।

१४६. जिसकी अन्याय में प्रवृत्ति हो उसका परिहार कर
अन्यायी का त्याग चाहे वह अपना पुत्र भी हो। कुसियारा अपने ही लाल (लार) से मरता है, इसमें भ्रान्ति नहीं।

१४७. अन्याय से बलवानों का भी क्षय हो जाता है, क्या
अन्याय से नाश दुर्बल का न होगा ? जहां वायु से गज भी उड़ जाते हैं वहां क्या कुत्ती ठहर सकती है ?

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अण्णाएं दालिद्दियहं रे[1] जिय दुहु आवग्गु ।
लक्कडियइं[2] विणु खोडयहं मग्गु साचिक्खलु[3] दुग्गु ॥ १४८ ॥

अण्णाएं दालिद्दियहं ओहट्टइ णिव्वाहु ।
लुग्गउ पायपसारणइं फाटइ[4] को संदेहु ॥ १४९ ॥

ता अच्छउ जिय पिसुणमइ संगु जि ताह विरुद्धु ।
सप्पहं संगें कड्डियउ चंदणु पिक्खु[5] सुयंधु ॥ १५० ॥

विहडावइ ण हु संघडइ पिसुणु परायउ णेहु ।
टालइ रयइ[6] ण उत्तिडउ उंदरु[7] को संदेहु ॥ १५१ ॥

धम्में विणु जे सुक्खडा तुट्टा गया वियार ।
जे तरुवर खंडिवि खुडिय ते फल इक्क जि वार ॥ १५२ ॥

सुहियउ हुवउ ण[8] को वि इह रे जिय णरु पावेण ।
कद्दमि ताडिउ उट्ठियउ गिंदुउ[9] दिट्ठउ केण ॥ १५३ ॥

रे जिय पुव्व ण धम्मु किउ एवहिं करि संताव ।
भंति कवण विणु णावियइं खडहडि णिवडइ णाव ॥१५४॥

---

१ ज. द. अरे. २ ज. द. लक्कडियइं. ३ अ. क. सच्चिक्खिलु. ४ अ. ज. फट्टइ. ५ अ. पिक्खिव. ६ अ. क. रयणिहिं उत्तिडउ. ७ अ. उंदुरु ८ ज. द. ण होइसइ अरि जिय को पावेण ९ ज. छिंदुउ; द. झिंदुउ.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१४८. हे जीव, अन्याय से दरिद्रियों का दुख बढता है। विना लकड़ी के खोड़े के मार्ग कीचड़मय और दुर्गम हो जाता है।

अन्याय से दुखवृद्धि

१४९. अन्याय से दरिद्रियों का निर्वाह भी टूट जाता है। जीर्ण वस्त्र पांव पसारने से फटेगा ही इसमें क्या सन्देह है।

अन्याय से निर्वाह-हानि

१५०. इसलिये, हे जीव, पिशुनमति को अलग रहने दे। उसका संग भी विरुद्ध (बुरा) होता है। सर्प के संग से, देख, सुगन्धी चन्दन भी काट डाला जाता है।

पैशुन्य

१५१. पिशुन पराये स्नेह को तोड़ता है जोड़ता नही। उंदीर (मूषक) उत्तरीय (वस्त्र) को काटता है, रचता नही।

१५२. धर्म के विना जो सुख भोगे हैं वे विचारले कि टूट गये। जो वृक्ष को काटकर खोंटे गये हैं वे फल एक वार के ही हैं।

धर्मरहित सुख

१५३. हे जीव, पाप से यहां कोई नर सुखी नहीं हुआ। कीचड़ में मारी हुई गेंद उठती हुई किसने देखी है?

पाप से सुख नहीं.

१५४. हे जीव, 'पूर्व में धर्म नही किया' इसका संताप कर। विना नाविक के नाव चट्टानों पर जा पड़े तो इसमें क्या भ्रान्ति है।

धर्म नाविक है

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जेण सुदेउ सुणरु हवसि सो पइं कियउ ण धम्मु ।
तिण्णि वि छत्तें वारियहि[1] इक्कु पाणिउ अरु घम्मु ॥१५५॥

अभयदाणु भयभीरुयहं[2] जीवहं दिण्णु ण आसि ।
वार वार मरणहं डरहि केम चिराउसु[3] होसि ॥ १५६ ॥

विज्जावच्चु ण पइं कियउ दिण्णु ण ओसहदाणु ।
एवहिं वाहिहिं पीडियउ कंदि म होहि अयाणु ॥ १५७ ॥

संघहं[4] दिण्णु ण चउविहहं[5] भत्तिए भोयणदाणु ।
रे जिय काइं चडप्फडहि दूरीकयणिव्वाणु ॥ १५८ ॥

पोत्थय दिण्ण ण मुणिवरहं विहिय ण सत्थहं पुज्ज ।
मइ पंडियउ कवित्तु[6] गुणु चाहहि केम णिलज्ज ॥ १५९ ॥

पाउ करहि सुहु अहिलसहि पर[7] सिविणे वि ण होइ ।
माइ[8]णिंणवें वाइयइं[9] अंब कि चक्खइ कोइ ॥ १६० ॥

गुरुआरंभइं[10] णेरयगइ[11] तिव्वकसाय हवंति ।
इकछिद्दिय पाहणभरिय वुड्डइ णाव ण भंति ॥ १६१ ॥

---

१ ज. विरयहि. २ अ. °भीतयहं. ३ ज. चिरायउ ४ अ. संपहं. ५ अ. क. द. °विहइं. ६ ज. कवित्त°. ७ क. द. परि. ८ ज. मायइ. ९ अ. ज. वावियइं. १० अ. द °आरंभहं. ११ अ. क. णिरय°.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१५५. जिससे सुदेव और सुनर होता है उस धर्म को तूने नहीं किया। दोनों का छत्र से निवारण कर सकेगा, एक पानी और (दूसरा) घाम।

धर्म के विना नरत्व और देवत्व नहीं

१५६. भयभीरुकों को कभी अभयदान नहीं दिया। अब वार वार मरने से डरता है। चिरायु कैसे हो सकता है।

चिरायु क्यों न हुआ?

१५७. तूने न वैयावृत्य किया, न औषधदान दिया, इसलिये व्याधियों से पीडित हुआ है। हे अज्ञानी, कठोर मत हो।

व्याधियों से पीडित क्यों हुआ?

१५८. चतुर्विध संघ को भक्ति से भोजनदान नहीं दिया। रे जीव, निर्वाण को दूर करके अब क्यों तड़फड़ाता है।

निर्वाण से दूर क्यों हुआ?

१५९. मुनिवरों को पोथी नहीं दीं, न शास्त्रों की पूजा की। मति, पाण्डित्य, कवित्व व गुण किस प्रकार चाहता है, निर्लज्ज?

मति आदि गुण क्यों न हुए?

१६०. पाप करता है और सुख चाहता है, पर वह स्वप्न में भी नहीं होता। माईफल व नीम बोने से क्या कोई आम चख सकता है?

पाप से सुख नहीं.

१६१. बड़े आरम्भ से तीव्र कषाय और नरक गति होती है। पाषाणों से भरी नाव एक ही छिद्र से डूब जाती है इसमें भ्रान्ति नहीं।

आरम्भ से नरक गति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कू[1]डतुलामाणाइयहं हरिकरिखरविसमेस ।
जो णच्चइ णं[2]डपेक्खणउ सो गिण्हइ बहुवेसें[3] ॥ १६२ ॥

हॅ[4]लुवारंभहं मणुयगइ मंदकसायहं होइ ।
छुड्डु सावउ धणु वाहुडइ लाहउ पुणरवि होइं[5] ॥ १६३ ॥

सम्मत्तें सावयवयहं उप्पज्जइ सुरराउ ।
जो गविणिट्ठ[6]उं छंडियइ सो वारइ किम जाउं ॥ १६४ ॥

धम्में जं जं अहिलसइ तं तं लहइ असेसु ।
पावें पावइं पावियउ दालिद्दु वि सकिलेसु ॥ १६५ ॥

धम्में हरिहलचक्कवइ कुलयरु जायइ कोइ ।
भुवणत्तयवंदियचलणु कु वि तित्थंकरु होइ ॥ १६६ ॥

जासु जणणि सग्गागमणि पिच्छइ सिविणयपंति ।
पहतेएं संभावियइ सूरुग्गमणु ण भंति ॥ १६७ ॥

जो जम्मुच्छवि ण्हावियउ अमियघडहिं सक्केण ।
किम ण्हाविज्जइ अतुलबलु जिणु अह वासक्केण ॥ १६८ ॥

१ ज. कुडतुल्ला कुडमाणयहं. २ ज. णड्डु. ३ अ. क. भेस. ४ अ. क. लहुआ°. ५ क. कोइ. ६ क. योगाविणट्ठउ; अ. द. णिट्ठिउ. ७ अ. जाइ. ८ क. द. पावह. ९ ज. °णि.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१६२. कूट तुला, मानादि (झूठे तराजू, बांट आदि) रखने वाले सिंह, हाथी, गधा, विषवाले व मेष (बकरा) होते हैं। जो नट का तमाशा करता है वह बहुत वेष धारण करता है।

कपट–व्यापार का फल

१६३. लघु आरम्भ और मन्दकषाय वालों को मनुष्य-गति प्राप्त होती है। यदि श्रावक धन का व्यापार करता है तो फिर लाभ होता ही है।

मनुष्य-गति की प्राप्ति

१६४. सम्यक्त्व-सहित श्रावक के व्रतों से सुरराज उत्पन्न होता है। जो इन्द्रियों की निष्ठा को छोड़ देता है वह जाने से कैसे रोका जा सकता है ?

इन्द्रत्व-प्राप्ति

१६५. धर्म से जो जो अभिलाषा करता है सो सब पाता है। पाप से पापी क्लेशमय दारिद्र्य पाता है।

यथेष्ट प्राप्ति

१६६. धर्म से कोई हरि, हर, चक्रवर्ती व कुलकर उत्पन्न होता है और कोई तीर्थंकर होता है जिनके चरणों की तीनों लोक वन्दना करते हैं।

तीर्थंकर पद-प्राप्ति

१६७. स्वर्ग से आगमन के समय उनकी जननी स्वप्न-पङ्क्ति देखती है। सूर्योदय प्रभा के तेज से संभावित होता है इसमें भ्रान्ति नहीं।

गर्भकल्याण

१६८. जन्मोत्सव के समय उनका स्नान शक्र अमृत के घड़ों से करता है। अतुलबली जिन भगवान् अशक्त के द्वारा कैसे नहलाये जा सकते हैं।

जन्म कल्याण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

सुरसायरि जसु णिक्कमणि[1] घल्लइ चिहुर[2] सुरिंदु ।
अह उत्तमकज्जहं हवइ ठाउ जि खीरसमुद्दु ॥ १६९ ॥

णाणुग्गमि जसु समसरणि पत्तामरसंघाउ ।
होइ कमल[3]मउलियभसलु सूरुग्गमणि तलाउ ॥ १७० ॥

जसु पत्तुत्तम[4]राइयउ विलुलंतो वि असोउ ।
अइदूरुज्झियपरियणहं किम उप्पज्जइ सोउ ॥ १७१ ॥

वारिउ तिमिरु जिणेसरहं भामंडलु अइदित्तु ।
हयतमु होइ सुहावणउ इत्थु ण काइं विचित्तु ॥ १७२ ॥

माहउसरणु सिलीमुहउ कुसुमासणि थिप्पंति ।
सुमणस अलियविवज्जिया जिणचलणहं णिवडंति ॥१७३॥

धवलु वि सुरमउडंकियउ सिंहासणु बहु रेइं[5] ।
अह वा सुरमणिमंडियउ जिणव[6]रआसणु होइ ॥ १७४ ॥

सद्दमिसिण दुंदुहि रडइ छंडहु जीवहं खेरि ।
हक्कारइ णर तिरिय सुर एरिस होइ स[7] भेरि ॥ १७५ ॥

---

१ द. णिक्खवणि. २ ज. चिहुरु. ३ ज. कमलु. ४ ज. द. °त्तमि. ५ ज. रोइ. ६ अ. °हरु; ज. °हरि; द. °वरि. ७ अ. मु (सु. ?); द. म.

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१६९. तप कल्याण निष्क्रमण के समय सुरेन्द्र उनके केशों को खुरसागर में घालते (डालते) हैं। उत्तम कार्य का ठांव भी क्षीरसमुद्र होता है।

१७०. ज्ञान कल्याण ज्ञानोदय के समय उनके समवशरण में देवों का समूह प्राप्त होता है। सूर्योदय के समय तलाब कमलों पर मुकुलित भ्रमरों से युक्त होता है।

१७१. अशोक उनके ऊपर उत्तम पत्रों से विराजित अशोक लहलहाता है। जिन्होने परिजनों का बहुत दूर से परित्याग कर दिया उन्हे कैसे शोक उत्पन्न हो सकता है ?

१७२. भामण्डल जिनेश्वर का अंधकार दूर हुआ है, अतः उनका भामण्डल अतिदीप्तिमान, तम का नाश करने वाला और सुहावना होता है इसमें कुछ विचित्र नही है।

१७३. पुष्पवृष्टि माधवशरण शिलीमुख कुसुमासन पर तृप्त हो जाते हैं और अलीकविवर्जित सुमनस जिन भगवान् के चरणों में पड़ते हैं।

१७४. सिंहासन सुरमुकुटांकित धवल सिंहासन भी बहुत शोभायमान है। जिनवर का आसन सुरमणि-मंडित होता है।

